RNI No. : TNHIN/2013/52520 ■ वर्ष - 13 ■ अंक - 270 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 28-04-2026 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित



5 बिहार में गरीबों के आशियाने तोड़ने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था की जाए : चिराग

6 रस्सी जल गई पर बल नहीं गया !

7 हम मिलेनियल्स हैं, जेन जी की तरह बात मत करो : रकुल प्रीत



## फर्स्ट टेक

### अमेरिका से भतीजे की शादी में आई डॉक्टर के एक करोड़ रु के आभूषण चोरी

**बेंगलूरु।** हाल ही में अपने भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए अमेरिका से बेंगलूरु पहुंचीं एक महिला चिकित्सक के एक करोड़ रुपए के स्वर्ण निर्मित आभूषण एक 'मैरिज हॉल' से कथित तौर पर चोरी हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना 22 अप्रैल को ओल्ड मद्रास रोड स्थित एक मैरिज हॉल में हुई। पुलिस के अनुसार, अमेरिका में रहने वालीं चिकित्सक ने अपनी शिकायत में बताया कि वह 18 अप्रैल को भतीजे की शादी में शामिल होने के लिए बेंगलूरु पहुंची थीं। चिकित्सक ने पुलिस को बताया कि वह अपने साथ लगभग 725 ग्राम सोने के आभूषण लाई थीं, जिनकी कीमत एक करोड़ रुपए थी। शिकायत में बताया गया है कि वह यहां गंगानगर में अपने भाई के साथ रह रही थीं। शिकायत में महिला चिकित्सक ने आरोप लगाया कि उन्होंने कुछ आभूषण पहने और बाकी 'मैरिज हॉल' के एक बंद कमरे में रख दिए, लेकिन जब वह बाद में लौटीं तो उन्होंने पाया कि उनके कीमती आभूषण गायब थे।

### मुंबई-सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस का एक डिब्बा पुणे में पटरी से उतरा

**पुणे/भाषा।** मुंबई-सोलापुर वंदे भारत एक्सप्रेस के पुणे रेलवे स्टेशन में प्रवेश करने से ठीक पहले ट्रेन का एक डिब्बा पटरी से उतर गया, हालांकि इस घटना में किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि यह घटना शाम करीब 7:30 बजे हुई, जब मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से दक्षिण-पश्चिम महाराष्ट्र के सोलापुर जा रही प्रीमियम एसी ट्रेन (नंबर 22225) एक प्लेटफार्म के पास बने क्रॉसिंग से गुजर रही थी। अधिकारियों ने बताया, ''वंदे भारत ट्रेन के एक डिब्बे का एक पहिया 'डायमंड क्रॉसिंग' पर पटरी से उतर गया। क्रॉसिंग को प्राथमिकता के आधार पर बदला जा रहा है। इस घटना में कोई भी यात्री घायल नहीं हुआ।''

### दक्षिण सूडान में विमान हादसा, 14 लोगों की मौत

जूबा/एपी। दक्षिण सूडान की राजधानी जूबा के बाहरी इलाके में सोमवार को विमानन कंपनी सेसना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी 13 यात्रियों और पायलट की मौत हो गई। नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि खराब मौसम और कम दृश्यता होने के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया होगा।

| | |
|---|---|
| 28-04-2026 सूर्यास्त 6:23 बजे | 29-04-2026 सूर्योदय 5:49 बजे |
| BSE 77,303.63 (+639.42) | NSE 24,092.70 (+194.75) |
| सोना 15,900 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 256,000 रु. प्रति किलो |

# भारत-न्यूजीलैंड के बीच एफटीए संपन्न

## 100 प्रतिशत निर्यात को मिलेगी शुल्क-मुक्त पहुंच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत और न्यूजीलैंड ने सोमवार को 'पीढ़ियों में एक बार' होने वाले मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए। इसके तहत भारतीय निर्यात को न्यूजीलैंड में 100 प्रतिशत शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी।

समझौते पर वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के व्यापार एवं निवेश मंत्री टॉड मैक्ले ने हस्ताक्षर किए। इस समझौते के इस साल के अंत तक लागू होने की उम्मीद है, जिसके लिए न्यूजीलैंड की संसद की मंजूरी लेनी जरूरी होगी, जबकि भारत में इसे केंद्रीय मंत्रिमंडल स्वीकृति देता है।

इस समझौते के तहत न्यूजीलैंड ने भारत में अगले 15 वर्षों के भीतर 20 अरब डॉलर के प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) की प्रतिबद्धता जतायी है। इससे पहले यूरोपीय संघ के साथ हुए समझौते में भी 100 अरब डॉलर का निवेश वादा किया गया था।



### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने व्यापार समझौते का किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस व्यापार समझौते का स्वागत करते हुए कहा कि यह एफटीए किसानों, युवाओं, महिलाओं, एमएसएमई, कारीगरों, स्टार्टअप एवं नवाचार करने वालों को लाभ पहुंचाएगा तथा कृषि, विनिर्माण एवं प्रौद्योगिकी में सहयोग को मजबूत करेगा।

न्यूजीलैंड के प्रधानमंत्री क्रिस्टोफर लक्सन ने इसे 'पीढ़ियों में एक बार' होने वाला समझौता करार देते हुए कहा कि इससे निर्यातकों को 1.4 अरब लोगों के भारतीय बाजार तक अभूतपूर्व पहुंच मिलेगी।

यह करार पांच वर्षों में द्विपक्षीय वस्तु एवं सेवा व्यापार को दोगुना कर पांच अरब डॉलर तक पहुंचाने में मदद करेगा। वर्तमान में यह आंकड़ा करीब 2.4 अरब डॉलर है।

इस समझौते के तहत भारत के वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे निर्यातों को न्यूजीलैंड में पूर्ण शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। पहले न्यूजीलैंड इन पर 10 प्रतिशत तक शुल्क लगाता था।

- **इस समझौते के तहत भारत के वस्त्र, परिधान, चमड़ा, जूते, रत्न एवं आभूषण, इंजीनियरिंग उत्पाद और प्रसंस्कृत खाद्य जैसे निर्यातों को न्यूजीलैंड में पूर्ण शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी।**
- **भारत ने न्यूजीलैंड के लिए लगभग 70 प्रतिशत शुल्क श्रेणियों पर रियायत दी है, जो द्विपक्षीय व्यापार के 95 प्रतिशत मूल्य को कवर करती हैं।**

## जलभराव



चिक्कमगलुरु में सोमवार को रुक-रुक कर हुई बारिश के बाद सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई, जिससे वाहन चालकों और आम लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई जगहों पर सड़कें पानी में डूबी नजर आईं और ट्रैफिक की रफ्तार धीमी पड़ गई।

# दिल्ली से भेजा गया हर रुपया गरीब तक पूरा पहुंच रहा : नितिन नवीन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जयपुर/भाषा।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को कहा कि केंद्र सरकार का ग्रामीण विकास, वित्तीय समावेशन और कृषि सुधारों पर जोर गांवों को सशक्त बना रहा है।

ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम2026) के लिए हरी झंडी दिखा कर ग्राम रथ रवाना करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए नवीन ने कहा कि जनधन खातों ने यह सुनिश्चित किया है कि कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुंचे। उन्होंने कहा, दिल्ली से भेजा गया हर रुपया गरीब तक पूरा पहुंच रहा है, जो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आई पारदर्शिता को दर्शाता है।



राजस्थान के प्रयासों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि राज्य ने कृषि, सिंचाई और ग्रामीण विकास जैसे प्रमुख क्षेत्रों में तेजी से प्रगति की है।

पशु चिकित्सा ढांचे का विस्तार एवं स्वयं सहायता समूहों की मजबूती से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को बल मिला है।

'मेक इन इंडिया', 'स्टार्टअप इंडिया' और 'स्किल इंडिया' जैसी पहलों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि आज युवा नौकरी खोजने वाले नहीं, बल्कि नौकरी देने वाले बनते जा रहे हैं।

## अमेजन नाउ का होगा 100 शहरों में विस्तार

**नई दिल्ली/भाषा।** ई-कॉमर्स क्षेत्र की कंपनी अमेजन ने अपनी क्विक कॉमर्स सेवा अमेजन नाउ का भारत के 100 शहरों तक विस्तार करने की सोमवार को घोषणा की। कंपनी ने हालांकि इस विस्तार को पूरा करने के लिए कोई निश्चित समयसीमा नहीं बताई है। अमेजन नाउ सेवा वर्तमान में दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (एनसीआर), मुंबई और बेंगलूरु में उपलब्ध है। कंपनी ने बयान में कहा कि वह अपनी विशेष पूर्ति अवसंरचना को बढ़ाएगी और त्वरित वाणिज्य की अपनी महत्वाकांक्षाओं का समर्थन करने के लिए 1,000 से अधिक सूक्ष्म पूर्ति केंद्रों तक विस्तार करेगा।

## 2019 में अभियंता पर कीचड़ फेंकने का मामला:

# महाराष्ट्र के मंत्री नितेश राणे को एक महीने जेल की सजा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले की एक अदालत ने वर्ष 2019 में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के एक अभियंता पर कीचड़ फेंकने के मामले में राज्य के मंत्री और भाजपा नेता नितेश राणे को सोमवार को दोषी ठहराते हुए उन्हें एक महीने कैद की सजा सुनाई। अदालत ने कहा कि कानून निर्माताओं को कानून अपने हाथ में नहीं लेना चाहिए।



घटना के वक्त राणे विपक्ष के नेता थे। हालांकि, अदालत ने राणे की सजा निलंबित कर दी और उन्हें उच्च न्यायालय में अपील करने का समय दिया, जबकि इस मामले में 29 अन्य आरोपियों को बरी कर दिया गया।

अतिरिक्त सत्र न्यायालय के न्यायाधीश वी एस देशमुख ने कहा, ''हालांकि राणे का इरादा घटिया काम और जनता को हो रही असुविधा के खिलाफ आवाज उठाना था, लेकिन उन्हें किसी लोक सेवक को सार्वजनिक रूप से अपमानित या बेइज्जत नहीं करना चाहिए था।''

न्यायाधीश ने कहा, ''यदि ऐसी घटनाएं होती रहीं, तो लोक सेवक गरिमा के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन नहीं कर पाएंगे।''

अदालत ने कहा कि 'ऐसी प्रवृत्ति पर अंकुश लगाना समय की मांग है।'

पूर्व केंद्रीय मंत्री नारायण राणे के पुत्र नितेश राणे उन 30 लोगों में शामिल थे जिन पर दंगा, लोक सेवक को कार्य करने से रोकने के लिए हमला करने और आपराधिक साजिश रचने सहित विभिन्न अपराधों के आरोप लगाए गए थे।

## मंगलुरु कुकर बम विस्फोट मामले में मुख्य आरोपी को 10 वर्ष की सजा

**बेंगलूरु/मंगलुरु/भाषा।** बेंगलूरु की एक विशेष राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अदालत ने मंगलुरु कुकर बम विस्फोट मामले में सोमवार को मुख्य आरोपी को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और उस पर 94,000 रुपए का जुर्माना लगाया। मोहम्मद शरीक ने शुरुआत में इस मामले में निर्दोष होने का दावा किया था, लेकिन बाद में दिसंबर, 2025 में सीआरपीसी की धारा 229 के तहत अपना जुर्म कबूल कर लिया जिसे विशेष अदालत ने स्वीकार किया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक, शरीक एक ऑटो रिक्शा में प्रेशर कुकर आईईडी ले जा रहा था और कथित तौर पर उसकी योजना मंगलुरु के कादरी मंजूनाथ मंदिर में इसे लगाने की थी जिससे हिंदू समुदाय के बीच आतंक फैलाया जा सके। हालांकि, दुर्घटनावश यह बम 19 नवंबर, 2022 को रास्ते में फट गया। अदालत ने अभियुक्त को 10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई और 5,000 रुपए जुर्माना भी लगाया।

# एलईटी का प्रमुख सदस्य और हाफिज सईद का करीबी अफरीदी मारा गया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**लाहौर/भाषा।** प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का एक प्रमुख सदस्य और मुंबई हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का करीबी सहयोगी शेख यूसुफ अफरीदी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में मारा गया। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी।

पुलिस ने सोमवार को बताया कि यह घटना राजधानी इस्लामाबाद से करीब 250 किलोमीटर दूर खैबर क्षेत्र के लांडी कोटल में हुई।



पुलिस के एक सूत्र ने बताया कि अज्ञात बंदूकधारियों ने अफरीदी पर अंधाधुंध गोलीबारी की, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

हमले की जिम्मेदारी अब तक किसी संगठन ने नहीं ली है।

> **शेख यूसुफ अफरीदी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में अज्ञात हमलावरों की गोलीबारी में मारा गया।**

अधिकारियों के अनुसार, अफरीदी प्रतिबंधित संगठन के क्षेत्रीय ढांचे में एक अहम भूमिका निभाता था और खैबर पख्तूनख्वा में संगठन की गतिविधियों के समन्वय तथा भर्ती से भी जुड़ा हुआ था।

## आप के सात सांसद आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल

**नई दिल्ली/भाषा।** राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आम आदमी पार्टी (आप) के सात सांसदों का भाजपा सदस्य माने जाने का अनुरोध सोमवार को आधिकारिक तौर पर स्वीकार कर लिया, जिससे उच्च सदन में अरविंद केजरीवाल की पार्टी 'आप' के सदस्यों की संख्या 10 से घटकर तीन रह गई। इसके साथ ही उच्च सदन में भाजपा सदस्यों की संख्या बढ़कर 113 हो गई है। राघव चड्ढा, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, संदीप पाठक, विक्रमजीत साहनी, स्वाति मालीवाल और राजिंदर गुप्ता वे सात सांसद हैं जो आम आदमी पार्टी छोड़ कर भाजपा में शामिल हुए हैं।

## बौद्ध महासम्मेलन



मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने सोमवार को बेंगलूरु के सदाशिव नगर स्थित नागसेना बुद्ध विहार में आयोजित विश्व बौद्ध महासम्मेलन का उद्घाटन किया।

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### कुछ करो ठोस

वे लड़ ना सकते युद्ध कभी,
जिनकी होती भोटी कृपाण।
ढीली प्रत्यंचाओं पर हरगिज,
ना सधे लक्ष्य पर कभी बाण,
केवल मंत्रों के बल पर ही,
ना मिल पाता है कभी त्राण।
कह देना बस मन की बातें,
ना होता है पूरा प्रमाण।।

## ईरान के विदेश मंत्री ने रूसी राष्ट्रपति से मुलाकात की

# रूस हर संभव मदद को तैयार : पुतिन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मॉस्को/भाषा।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की, जिन्होंने अपनी संप्रभुता के लिए बहादुरी और वीरता से लड़ने को लेकर ईरानियों की सराहना की। पुतिन ने यह भी कहा कि मॉस्को पश्चिम एशिया में जल्द से जल्द शांति लाने में मदद करने के लिए हर संभव प्रयास करने को तैयार है।

रूस की सरकारी समाचार एजेंसी 'तास' की रिपोर्ट के अनुसार, मॉस्को पहुंचने से पहले अराघची ने ओमान और पाकिस्तान के नेतृत्व से बातचीत की। ईरानी विदेश मंत्री ने सेंट पीटर्सबर्ग में पुतिन से मुलाकात की और ईरान को समर्थन देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया।



पुतिन ने अराघची के साथ अपनी मुलाकात के दौरान कहा, ''रूस पश्चिम एशिया में जल्द से जल्द शांति सुनिश्चित करने के लिए अपनी ओर से हर संभव प्रयास करने को तैयार है।'' इस मुलाकात में रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव भी मौजूद थे।

पुतिन ने बताया कि उन्हें पिछले सप्ताह ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई का संदेश मिला था। उन्होंने इस संदेश के लिए अराघची को उनकी ओर से आभार व्यक्त करने और उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं सकुशल होने के लिए शुभकामनाएं देने को कहा।

## हेजलवुड और भुवनेश्वर के दम पर

# आरसीबी ने कैपिटल्स को नौ विकेट से रौंदा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भुवनेश्वर कुमार (तीन ओवर में पांच रन पर तीन विकेट) और जोश हेजलवुड (3.3 ओवर में 12 रन पर चार विकेट) की कमाल की गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरु (आरसीबी) ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टी20 मैच में सोमवार को यहां दिल्ली कैपिटल्स को 81 गेंद शेष रहते नौ विकेट से करारी शिकस्त दी।

कैपिटल्स की पारी को 16.3 ओवर में 75 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल (13 गेंद में नाबाद 34 रन) और विराट कोहली (15 गेंद में नाबाद 23 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 6.3 ओवर में एक विकेट पर 77 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की।




टीम ने आठ मैचों में यह छठी जीत दर्ज कर तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की, जबकि दिल्ली की यह आठ मैचों में पांचवीं हार है।

आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल इतिहास में गेंद के हिसाब से दूसरा सबसे तेज लक्ष्य हासिल कर मौजूदा सत्र में 18 अप्रैल को कैपिटल्स से मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया।

पिछले मैच में पंजाब किंग्स के खिलाफ दो विकेट पर 264 रन के साथ अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाने वाली कैपिटल्स टीम का यह आईपीएल में तीसरा सबसे कम स्कोर है।

टीम के लिए अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा डेविड मिलर (19) और काइल जैमीसन (12) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके।

हेजलवुड और भुवनेश्वर की टेस्ट मैच जैसी ऑफ स्टंप के बाहर स्विंग होती गेंदों का कैपिटल्स के बल्लेबाजों के पास कोई जवाब नहीं था और टीम ने शुरुआती तीन ओवर में नौ रन तक छह विकेट गंवा दिए।

## मुलाकात

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को नीति आयोग के नवनियुक्त पूर्णकालिक सदस्य गोवर्धन दास के जीवन संघर्ष को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि इसने समाज सेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को और मजबूत किया है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में दास के साथ मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा कि प्रोफेसर दास के जीवन के अनुभव, सार्वजनिक स्वास्थ्य और प्रतिरक्षा विज्ञान (इम्यूनोलॉजी) में उनके योगदान में भी झलकते हैं और उनका कार्य नीति-निर्माण प्रक्रिया को समृद्ध करेगा।

# अगले कुछ महीनों में यूरोपीय संघ, अमेरिका के साथ व्यापार समझौता: गोयल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने सोमवार को कहा कि न्यूजीलैंड के साथ मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) पिछले साढ़े तीन साल में उनके कार्यकाल के दौरान हस्ताक्षर किया गया सातवां ऐसा समझौता है।

उन्होंने कहा कि आने वाले महीनों में यूरोपीय संघ और अमेरिका के साथ दो और समझौतों की उम्मीद है। गोयल और भारत आये न्यूजीलैंड के व्यापार और निवेश मंत्री टॉड मैकक्ले ने यहां एक मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर किए, जिसके इस साल के अंत तक लागू होने की उम्मीद है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''इस (भारत-न्यूजीलैंड) एफटीए के साथ, यह सातवां मुक्त व्यापार समझौता है जिस पर मैं पिछले साढ़े तीन साल में हस्ताक्षर कर रहा हूं। अगले कुछ महीनों में यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका के साथ दो और समझौते बहुत जल्द होने वाले हैं।'' भारत और 27 देशों के समूह ईयू ने जनवरी में एक व्यापार समझौते के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की थी। इस पर अभी तक हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। राजग सरकार ने अब तक संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) (मई 2022 में लागू), ऑस्ट्रेलिया (दिसंबर 2022 में लागू), ब्रिटेन (जुलाई 2025 में हस्ताक्षरित), ईएफटीए समूह (अक्टूबर 2025 में लागू), ओमान (दिसंबर 2025 में हस्ताक्षरित), यूरोपीय संघ (जनवरी 2026 में बातचीत पूरी होने की घोषणा) और मॉरीशस (अप्रैल 2021 से लागू) के साथ एफटीए को अंतिम रूप दिया है।

ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि भारतीय अधिकारियों की टीम पिछले हफ्ते अमेरिका से लौटी है।

# साइप्रस के राष्ट्रपति अगले महीने भारत का दौरा करेंगे, द्विपक्षीय संबंध और गहरे होंगे : राजदूत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अहमदाबाद/भाषा।** साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलाइड्स अगले महीने मुंबई पहुंचने वाले हैं। भारत यूरोप में साइप्रस के माध्यम से अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकता है। भारत में साइप्रस के उच्चायुक्त इवागोरस व्रियोनाइड्स ने सोमवार को कहा कि यह यात्रा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देगी।

साइप्रस के भारत में उच्चायुक्त व्रियोनाइड्स ने बताया कि राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स 20 मई को मुंबई पहुंचेंगे और फिर 22 मई को नई दिल्ली के लिए रवाना होंगे। उन्होंने पिछले साल जून में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साइप्रस यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच हस्ताक्षरित संयुक्त कार्य योजना का उल्लेख किया। उन्होंने कहा, ''संयुक्त कार्य योजना का कार्यान्वयन पर्यटन, शिक्षा, वित्तीय सेवाओं, आईटी कर्मियों के आदान-प्रदान और जहाजरानी सहित कई क्षेत्रों में शुरू हो चुका है, जो सहयोग के प्रमुख क्षेत्र हैं।''

व्रियोनाइड्स ने कहा कि राष्ट्रपति क्रिस्टोडौलाइड्स की यात्रा से भारत यूरोप में साइप्रस के माध्यम से अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज करा सकेगा। उन्होंने बताया कि क्रिस्टोडौलाइड्स राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, उपराष्ट्रपति और विदेश मंत्री से मुलाकात करेंगे और प्रमुख संस्थाओं के साथ बातचीत करेंगे।

उच्चायुक्त ने कहा कि मुंबई में यूरोबैंक की प्रतिनिधि उपस्थिति स्थापित होने की उम्मीद के साथ वित्तीय सहयोग और गहरा होगा और अल्फा बैंक और बैंक ऑफ साइप्रस जैसे अन्य बैंकों के भी इसमें शामिल होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि भारत की एकीकृत भुगतान इंटरफेस (यूपीआई) प्रणाली से संबंधित सहयोग सहित वित्तीय समझौतों पर हस्ताक्षर होने की उम्मीद है। उन्होंने द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक गहरा और सार्थक बनाने के बारे में उम्मीद जताई।



# मैसूरु में विभिन्न संस्थाओं ने मिलकर मनाया जिनशासन स्थापना दिवस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

मैसूरु। शहर के आदिनाथ जैन संघ, भारतीय जैन संगठन मैसूर चैप्टर, जैन इंटरनेशनल ट्रेड आर्गेनाईजेशन (जीतो) व जैन चैरिटेबल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में वैशाख सुद 11 सोमवार को साध्वीश्री शीलरत्नाश्रीजी की निश्रा में आदेश्वर वाटिका में जैन ध्वजारोहण, शासन व वीर महिमा गुणगान के साथ जिनशासन स्थापना दिवस मनाया गया। साध्वीश्री शीलरत्नाजी ने अपने प्रवचन में जिनशासन स्थापना दिवस के महत्व, तीर्थंकर प्रभु महावीर द्वारा साधु-साध्वी, श्रावक-श्राविका सहित चतुर्विध संघ की स्थापना के बारे में जानकारी दी। उन्होंने गणधर गौतमस्वामीजी द्वारा भगवान महावीर को अपने गुरु के रूप में स्वीकार करने के उदाहरण को याद किया।

बीजेएस के अध्यक्ष राजन बाघमार, जीतो के अध्यक्ष विनोद बाकलीवाल, आदिनाथ संघ के रमेश श्रीश्रीमाल, जैन चेरिटेबल ट्रस्ट के अध्यक्ष कांतिलाल चौहान, साधुमार्गी संघ के सुरेश दक व तेरापंथ समाज के महावीर देरासरिया ने जैन ध्वज फहराया। बीजेएस मैसूर चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष अशोक सालेचा ने मुख्य रूप से भगवान महावीर के सिद्धांतों पर प्रकाश डाला।

रमेश श्रीश्रीमाल ने बताया कि हमें भगवान महावीर के अनेकांतवाद के प्रमुख सिद्धांत को स्वीकार करना चाहिए। जीतो मैसूरु के महासचिव गौतम सालेचा ने संचालन किया। धर्म सभा का शुभारंभ जैन साध्वीश्री शीलरत्नजी के मांगलिक से हुआ। इस मौके पर विभिन्न सभा संस्थाओं के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# दिल्ली उच्च न्यायालय ने अभिनेता अल्लू अर्जुन के व्यक्तित्व अधिकारों की रक्षा की



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन के व्यक्तित्व संबंधी अधिकारों की रक्षा करते हुए व्यावसायिक लाभ के लिए उनके नाम, आवाज, हाव-भाव या चित्र के अनधिकृत इस्तेमाल पर रोक लगा दी है।

'पुष्पा' फेम अभिनेता की याचिका पर 17 अप्रैल को पारित अंतरिम आदेश में न्यायमूर्ति तुषार राव गेडेला ने कहा कि अर्जुन का शानदार करियर रहा है और उनके बेहद लोकप्रिय संवाद एवं विशिष्ट हाव-भाव दर्शाते हैं कि वह प्रशंसकों के दिलों में कितना ऊंचा कद रखते हैं।

उन्होंने कहा कि नाम, आवाज, हाव-भाव या चित्र जैसी विशेषताएं स्पष्ट रूप से अभिनेता के कॉपीराइट का मामला हैं, जिन पर उनका विशिष्ट अधिकार है और अगर अंतरिम राहत नहीं दी गई, तो उन्हें अपूरणीय क्षति और हानि होगी।

# जब सहमति से संबंध बना हो तो अपराध का सवाल ही कहां उठता है : उच्चतम न्यायालय

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** उच्चतम न्यायालय ने शादी का झूठा वादा कर कथित यौन उत्पीड़न करने के मामले में अपने पूर्व 'लिव-इन' साथी के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी रद्द किए जाने को चुनौती देने वाली एक महिला से सोमवार को सवाल किया कि जब संबंध सहमति से बना हो तो अपराध का सवाल ही कहां उठता है। महिला ने मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुइयां की पीठ ने कहा कि महिला उस व्यक्ति के साथ रहती थी और उससे उसका एक बच्चा भी है। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा, ''जब आपसी सहमति से संबंध बना हो तो अपराध का सवाल ही कहां उठता है? वे साथ रह रहे थे और उसका (महिला का) उससे एक बच्चा भी है। दोनों की शादी नहीं हुई और अब, वह कह रही कि यौन उत्पीड़न किया गया। 15 साल तक वे साथ रहे।'' महिला के वकील ने न्यायालय में दलील दी कि उसके पति की पहले ही मौत हो चुकी थी और उसके करीबी रिश्तेदार ने उसे आरोपी से मिलवाया था। न्यायालय को यह भी बताया गया कि आरोपी ने उससे शादी का वादा किया था और उसका यौन शोषण किया।

न्यायमूर्ति नागरत्ना ने पूछा, ''वह शादी से पहले उसके साथ क्यों रहने लगी?'' उन्होंने कहा, ''वह उसके साथ रहती थी। उससे उसका एक बच्चा भी है। वह उसे छोड़कर चला जाता है क्योंकि शादी का कोई बंधन नहीं है। कोई कानूनी बंधन नहीं है। वह छोड़कर चला जाता है, लिव-इन रिलेशनशिप में यही जोखिम होता है। इसलिए, जब वह छोड़कर चला गया है, तो यह अपराध का मामला नहीं बनता।''



# कांग्रेस ने हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र का बहिष्कार किया, सैनी ने निशाना साधा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चंडीगढ़/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को हरियाणा विधानसभा के विशेष सत्र का ''बहिष्कार'' करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ भाजपा ने एक प्रस्ताव के माध्यम से लोकसभा में संविधान संशोधन विधेयक पारित नहीं होने के लिए विपक्षी दल की निंदा करने की कोशिश की। कांग्रेस ने सत्तारूढ़ दल पर निहित स्वार्थों और प्रचार के लिए सदन का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया।

नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने पत्रकारों को बताया कि हरियाणा में कांग्रेस विधायक दल ने विधानसभा के एक दिवसीय विशेष सत्र का बहिष्कार करने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी दावा किया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार जिस मामले पर चर्चा करना चाहती थी, वह विधानसभा के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि सत्र में भाग न लेकर विपक्षी पार्टी ने अपनी ''महिला विरोधी'' सोच का प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि सोमवार सुबह अध्यक्ष की अध्यक्षता में विधानसभा की कार्य मंत्रणा समिति की बैठक के दौरान हुड्डा ने यह आशंका जताई थी कि क्या सरकार विपक्ष के खिलाफ निंदा प्रस्ताव लाना चाहती है।

सैनी ने कहा कि हुड्डा को यह स्पष्ट कर दिया गया था कि यह एक आधिकारिक प्रस्ताव है, राजनीतिक प्रस्ताव नहीं, और महिला सशक्तिकरण और संबंधित मुद्दों पर सदन में चर्चा की जाएगी।

## गुणानुवाद सभा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव रामजी आंबेडकर के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में बेंगलूरु के भीम आर्मी द्वारा श्रीरामपुरम में गुणानुवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महेंद्र मुणोत उपस्थित थे जिन्होंने डॉ आंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करते हुए कहा कि हमें हमेशा जाति, भाषा, संप्रदाय, प्रांत से ऊपर उठकर राष्ट्रहित के लिए कार्य करना चाहिए। आयोजकों ने मुणोत को सम्मानित किया।

# भाजपा ने आप को प्रॉक्सी की तरह इस्तेमाल किया, अब मुखौटा उतर गया : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आम आदमी पार्टी को अतीत में उसके (कांग्रेस) खिलाफ ''प्रॉक्सी'' की तरह इस्तेमाल किया और अब आप एवं अरविंद केजरीवाल का मुखौटा उतर चुका है। पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन ने अपनी यह पुरानी बात फिर दोहराई कि दिल्ली में सरकार बनाने के लिए कांग्रेस का आम आदमी पार्टी को सहयोग करना एक बड़ी गलती थी और 2024 के लोकसभा चुनाव में ''इंडिया'' गठबंधन के सहयोगी दलों के दबाव में आप के साथ सीटों का तालमेल किया गया था।

उन्होंने संवाददाताओं से बातचीत में यह भी कहा कि केजरीवाल की पार्टी ने धनकुबेरों को धन के आधार पर राज्यसभा भेजा और अब इसका नाम अरबपति आदमी पार्टी हो जाना चाहिए। माकन ने आम आदमी पार्टी के पूर्व सांसद सुशील गुप्ता का उदाहरण देते हुए कहा, ''आप ऐसी पार्टी है, जिसने योग्य लोगों को राज्यसभा न भेजकर धनकुबेरों को धन के आधार पर संसद में भेजा है।'' कांग्रेस नेता ने कहा, ''मैंने आप छोड़ने वाले सात सांसदों के हलफनामे देखा तो पता चला कि इनमें से प्रति राज्यसभा सदस्य की घोषित संपत्ति औसतन 818 करोड़ 50 लाख 35 हजार 420 रुपए है।'' उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री शीला दीक्षित का उल्लेख करते हुए कहा, ''हमने 21वीं सदी में मनमोहन सिंह और शीला दीक्षित की तरह प्रशासक नहीं देखे। लेकिन फिर भी आप और अरविंद केजरीवाल ने उन्हें बदनाम करने का कोई मौका नहीं छोड़ा, उन्हें बदनाम करने की साजिश की।'' माकन ने दावा किया कि जब भाजपा मनमोहन सिंह और शीला दीक्षित के खिलाफ कुछ नहीं कर पा रही थी, तो उसने आप के रूप में एक 'प्रॉक्सी' को आगे किया। उन्होंने कहा, ''अब आप वहीं चुनाव लड़ती है, जहां कांग्रेस और भाजपा का सीधा मुकाबला होता है, जिससे कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया जा सके। आप और अरविंद केजरीवाल के चेहरे से यह मुखौटा पूरी तरह उतर गया है।'' उन्होंने आरोप लगाया कि आप के नेता ''देशद्रोही'' हैं क्योंकि इस पार्टी को अलगाववादी ताकतों की ओर से वित्तपोषण हुआ था।

# आंध्र प्रदेश में पेट्रोल व डीजल की कमी के भय से हजारों वाहन चालक पेट्रोल पंपों पर उमड़े

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**अमरावती/भाषा।** सरकार श्रवा ''पेट्रोल और डीजल की कमी नहीं होने'' का आश्वासन दिए जाने के बावजूद, आंध्र प्रदेश में सोमवार को हजारों वाहन चालक पेट्रोल और डीजल की कमी के भय से पेट्रोल पंपों पर उमड़ पड़े। राजामुंदरी के एक पेट्रोल पंप पर कई दोपहिया वाहन, कार, ट्रक और अन्य वाहन कतार में लगे दिखे। लोग पेट्रोल और डीजल खरीदने के लिए प्लास्टिक के डिब्बे भी लिए हुए नजर आए।

विजयवाड़ा के ऑटो नगर स्थित एक पेट्रोल पंप पर भी ऐसी ही स्थिति देखने को मिली, जहां कई वाहन कतार में लगे हुए थे। रविवार दोपहर को विजयवाड़ा के अजीत सिंह नगर और आसपास के सभी पेट्रोल पंपों पर यही हाल था। गुंटूर के ईंधन खुदरा विक्रेता संघ के सदस्य गोपाल कृष्ण ने बताया कि यह संकट पूरे राज्य में फैल चुका है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, ''केवल गुंटूर ही नहीं, पूरे राज्य में यही स्थिति है। हमारे डीलरों से हमें जानकारी मिल रही है कि हर जगह डीजल खत्म हो रहा है। हमें उम्मीद है कि कल (28 अप्रैल) तक 70 से 80 प्रतिशत पेट्रोल पंपों पर ईंधन पहुंच जाएगा।'' उन्होंने दावा किया कि पिछले सप्ताह तेल कंपनियों ने डीलरों को कम ईंधन देने का इरादा किया और डीजल की आपूर्ति रोक दी, जिससे यह संकट पैदा हुआ। कृष्ण ने कहा कि जहां ईंधन उपलब्ध है, वहां लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि वे घबराएं नहीं और ईंधन का भंडारण न करें। उन्होंने कहा कि सभी पेट्रोल पंपों पर ईंधन की आपूर्ति की जाएगी और कुछ दिनों में स्थिति सामान्य हो जाएगी।

# वकील, गवाह व न्यायाधीश सभी केजरीवाल तो न्यायिक व्यवस्था की जरूरत क्या है : रेखा गुप्ता



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कथित शराब घोटाले से संबंधित मामले में उच्च न्यायालय में अपनी पैरवी नहीं करने की 'आप' प्रमुख अरविंद केजरीवाल की घोषणा को सोमवार को 'घटिया मजाक' बताया और कहा कि बेगुनाही शोर मचाने से नहीं बल्कि अदालत के फैसले से साबित होगी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा को पत्र लिखकर कहा है कि आबकारी मामले में न तो वह व्यक्तिगत रूप से और न ही वकील के मार्फत से उनके समक्ष पेश होंगे। 'आप' नेता ने न्यायाधीश स्वर्णकांता शर्मा से मामले की सुनवाई से खुद को अलग करने की अपील की थी, लेकिन उन्होंने केजरीवाल की याचिका खारिज कर दी। इसके बाद केजरीवाल ने चार पन्नों के एक पत्र में ''न्याय नहीं मिलने'' की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस मामले को लेकर उनकी ''गंभीर'' चिंताएं हैं।

इस पर प्रतिक्रिया देते हुए गुप्ता ने यहां पत्रकारों से बातचीत में आरोप लगाया कि हमेशा न्याय व्यवस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाना और संवैधानिक संस्थाओं को गाली देना, यही केजरीवाल की कार्यशैली है और यही इनकी मानसिकता बन गई है। गुप्ता ने दावा किया कि पूर्व मुख्यमंत्री शराब घोटाले में लिप्त हैं और उनके खिलाफ आरोप पत्र दायर है और वह न्यायपालिक पर सवाल उठाकर न्यायाधीश और अदालत बदलवाना चाहते हैं, क्योंकि उन्हें आशंका है कि अदालत का फैसला उनके खिलाफ आ सकता है।

## शपथ


दक्षिण भारत राष्ट्रमत



तेलंगाना के मंत्री मोहम्मद अजहरुद्दीन और सेवानिवृत्त प्रोफेसर एम. कोदंडराम ने राज्यपाल के कोटे से विधान परिषद के सदस्य (एमएलसी) के रूप में सोमवार को शपथ ली। तेलंगाना विधान परिषद के अध्यक्ष गुथा सुखेन्द्र रेड्डी ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी, उनके मंत्रिमंडल के सहयोगियों और अन्य नेताओं की उपस्थिति में दोनों को शपथ दिलाई। शपथ लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत में पूर्व क्रिकेटर अजहरुद्दीन ने कांग्रेस नेताओं मल्लिकार्जुन खरगे, सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मुख्यमंत्री रेड्डी और राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल का आभार व्यक्त किया। अजहरुद्दीन ने कहा कि मुख्यमंत्री अल्पसंख्यकों के कल्याण के लिए कई उपाय कर रहे हैं, और वह मंत्री के रूप में उनके और समाज के अन्य वर्गों के लिए काम करना चाहेंगे।

# आभूषणों की तुलना में अब निवेश के लिए सोना खरीद रहे भारतीय: रिपोर्ट

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** अब अधिक संख्या में भारतीय आभूषणों की तुलना निवेश के लिए सोना खरीद रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में ऐसे उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी बढ़कर 40 प्रतिशत तक होने की उम्मीद है। सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयरएज की इस रिपोर्ट के अनुसार कुल सोना की खरीद में आभूषणों की खपत का हिस्सा 2025 में गिरकर 60 प्रतिशत से नीचे आ गया, जबकि लंबी अवधि का औसत 70 प्रतिशत रहा है।

केयरएज के निदेशक अखिल गोयल ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ताओं में एक भारत के सोना खरीदने के प्रतिरूप में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है। गोयल ने कहा, ''भू-राजनीतिक अनिश्चितता, सोने की कीमतों में तेजी और पोर्टफोलियो विविधीकरण की प्राथमिकताएं सोने की निवेश मांग को बढ़ावा देती रहेंगी। वित्त वर्ष 2026-27 में कुल स्वर्ण खपत में निवेश की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत रहने का अनुमान है।'' रिपोर्ट में कहा गया कि 60 प्रतिशत आभूषणों की खपत अभी भी 50 प्रतिशत के वैश्विक औसत से अधिक है। भारत में निवेश की मांग रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है, जिसका नेतृत्व गोल्ड ईटीएफ और बार तथा सिक्कों की खरीद ने किया है। यह अन्य बातों के साथ ही सुरक्षित निवेश की मांग को दर्शाता है। एजेंसी का मानना है कि सोने की कीमत अब एक स्थायी उच्च-मूल्य वाले दौर में प्रवेश कर चुकी हैं।

# एनआईए ने लश्कर के अंतरराज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल से जुड़े मामले की जांच संभाली

**जम्मू/भाषा।** राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के अंतरराज्यीय आतंकवादी मॉड्यूल से जुड़े मामले की जांच का जिम्मा संभालते हुए गिरफ्तार किए गए दो पाकिस्तानी नागरिकों समेत पांच आतंकवादियों को पूछताछ के लिए सोमवार को हिरासत में लिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि सात अप्रैल को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवाद-रोधी अभियान में बड़ी सफलता हासिल करते हुए लश्कर के पांच आतंकवादियों को गिरफ्तार किया था, जिनमें 16 वर्ष से फरार अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरैरा भी शामिल है। अब्दुल्ला के अलावा एक अन्य पाकिस्तानी आतंकवादी उस्मान उर्फ खुबैब और श्रीनगर के तीन निवासियों मोहम्मद नकीब भट, आदिल राशिद और गुलाम मोहम्मद मीर उर्फ मामा को भी इस बड़े अभियान के तहत गिरफ्तार किया गया था। अभियान में जम्मू-कश्मीर पुलिस और केंद्रीय एजेंसियां शामिल थीं। अधिकारियों ने बताया कि जांच के दौरान एक बड़े नेटवर्क का खुलासा हुआ है, जो आतंकवादियों की सहायता करता था।

# मुख्यमंत्री स्टालिन ने कोडाइकनाल में की लोगों से बातचीत



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोडाइकनाल।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने हाल ही में संपन्न विधानसभा चुनावों में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की संभावनाओं को लेकर सोमवार को स्थानीय लोगों और पर्यटकों से बातचीत की। तेईस अप्रैल को राज्य में चुनाव समाप्त होने के बाद स्टालिन अपने परिवार के साथ कोडाइकनाल की संक्षिप्त यात्रा पर हैं। 'मनोरंजिता जलाशय' पर अपनी सुबह की सैर के दौरान, उन्होंने सड़क किनारे इंतजार कर रहे लोगों के साथ तस्वीर और सेल्फी खिंचवाई। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, द्रमुक प्रमुख मतगणना प्रतिनिधियों की नियुक्ति के संबंध में उठाए गए कदमों की जानकारी के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से भी मिल सकते हैं। द्रमुक 164 सीटों पर चुनाव लड़ी है। वाइको के नेतृत्व वाली 'मरुमलारची द्रविड़ मुनेत्र कषगम' (एमडीएमके) सहित विभिन्न गठबंधन दलों के 11 उम्मीदवारों ने सत्तारूढ़ पार्टी के चुनाव चिह्न 'उगते सूर्य' पर चुनाव लड़ा।

द्रमुक के सहयोगी दलों में कांग्रेस, वीसीके, डीएमडीके, मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) शामिल हैं। तमिलनाडु की 234-विधानसभा सीटों के लिए हुए चुनाव के परिणाम चार मई को घोषित किए जाएंगे। द्रमुक के सूत्रों के मुताबिक, स्टालिन 29 अप्रैल को चेन्नई लौटेंगे।

## तमिलनाडु चुनाव

# महिला मतदाताओं ने पुरुषों की तुलना में अधिक संख्या में मताधिकार का प्रयोग किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में महिला मतदाताओं ने पुरुषों की तुलना में अधिक संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग किया। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि राज्य में कुल महिला मतदाताओं में से करीब 2.52 करोड़, यानी लगभग 86.2 प्रतिशत महिलाओं ने उत्साहपूर्वक मतदान किया। उन्होंने बताया कि पुरुष मतदाताओं में 2.35 करोड़ लोगों ने मतदान किया, जो राज्य के कुल पुरुष मतदाताओं का 83.96 प्रतिशत है।

राज्य की सभी 234 विधानसभा सीटों पर कुल 4.87 करोड़ से अधिक मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो उल्लेखनीय मतदान प्रतिशत दर्शाता है। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में तृतीय लिंगी मतदाताओं ने भी सक्रिय भागीदारी दिखाई, जिनमें 4,517 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जो पंजीकृत कुल तृतीय लिंगी मतदाताओं का 58.44 प्रतिशत है।

राज्य में कुल मतदान प्रतिशत लगभग 85.1 प्रतिशत दर्ज किया गया। तमिलनाडु में कुल 5.73 करोड़ मतदाता हैं, जिनमें 2.93 करोड़ महिलाएं, 2.83 करोड़ पुरुष और 7,728 तृतीय लिंगी मतदाता शामिल हैं। इसमें 14.59 लाख प्रथम बार मतदान करने वाले मतदाता भी शामिल थे। राज्य की 234 विधानसभा सीटों पर 4,023 उम्मीदवार मैदान में थे, जिनमें बड़ी संख्या निर्दलियों की थी।

चेन्नई जिले की 16 विधानसभा सीटों पर करीब 24.22 लाख मत डाले गए। ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन के एक सूत्र के अनुसार, जिले में कुल मतदान प्रतिशत 83.71 रहा। पेरंबूर में सबसे अधिक 2.03 लाख मत (89.73%) डाले गए, इसके बाद कोलाथुर में 1.82 लाख मत (86.11 प्रतिशत) दर्ज किए गए। मतों की गिनती चार मई को होगी।

# चांडी ओमन ने दो निर्वाचन क्षेत्रों की ईवीएम को एक ही हॉल में रखे जाने पर सवाल उठाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोट्टायम।** कांग्रेस नेता चांडी ओमन ने सोमवार को दो विधानसभा क्षेत्रों की 'इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन' (ईवीएम) एक ही हॉल में रखे जाने पर चिंता जताई। पत्रकारों से बात करते हुए चांडी ने कहा कि इस संबंध में उनके चुनाव प्रतिनिधि ने निर्वाचन आयोग में शिकायत दर्ज कराई है। उन्होंने कहा, ''ईवीएम की मतगणना एक ही हॉल में होगी। मुझे नहीं लगता कि दोनों विधानसभा क्षेत्रों की ईवीएम को एक ही हॉल में रखने की कोई आवश्यकता है। वहां एक और हॉल है और दूसरे विधानसभा क्षेत्र की सभी ईवीएम वहां रखी जा सकती थीं।''

चांडी ने कहा कि पुथुप्पल्ली विधानसभा क्षेत्र (जहां से उन्होंने चुनाव लड़ा था) की सभी ईवीएम को चांगनास्सेरी विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम के साथ रखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि 'एयर कंडीशनर' लगे होने के बावजूद, केरल में भीषण गर्मी को देखते हुए ईवीएम की स्थिति को लेकर चिंताएं हैं। उन्होंने कहा, ''मैं चार मई को चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद इस पर टिप्पणी करूंगा।'' उन्होंने यह संकेत दिया कि वह परिणाम घोषित होने के बाद इस विषय पर विस्तार से चर्चा करेंगे। उन्होंने कांग्रेस के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार को लेकर जारी चर्चा पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने ऐसी चर्चाओं को खारिज कर दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा कुछ नेताओं को प्रमुखता देने में कोई बुराई नहीं है। उन्होंने कहा, ''इसमें कुछ भी गलत नहीं है। हमारी पार्टी में कई नेता हैं।'' चांडी ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) हारेगा और संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (यूडीएफ) विजयी होगा।

# अन्नाद्रमुक नेता इनबादुरै ने द्रमुक पर 'चुनावी धांधली' का आरोप लगाया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) नेता आई. एस. इनबादुरै ने सोमवार को आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) ने 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनावों के दौरान कई निर्वाचन क्षेत्रों में ''चुनावी धांधली'' की थी और उन्होंने निर्वाचन आयोग से कार्रवाई करने का आग्रह किया। अन्नाद्रमुक नेता व राज्यसभा सदस्य ने द्रमुक पर मतदाताओं को रिश्वत देने के लिए ''पैसे बांटने'' का आरोप लगाते हुए दावा किया कि कोयंबटूर और करूर में द्रमुक द्वारा कई तरह की ''अनियमितताएं'' की गईं।

इनबादुरै ने आरोप लगाया, ''कोयंबटूर दक्षिण निर्वाचन क्षेत्र में द्रमुक उम्मीदवार ने मतदाताओं को सोने के सिक्के बांटे थे।'' उन्होंने कहा कि अन्नाद्रमुक ने द्रमुक द्वारा कथित तौर पर की गई अनियमितताओं के खिलाफ निर्वाचन आयोग (ईसी) में पहले ही शिकायत दर्ज करा दी है और उन्होंने ईसी से कार्रवाई करने की मांग की। इनबादुरै ने अपनी पार्टी की जीत और सरकार बनाने के दावे पर जोर देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि अन्नाद्रमुक प्रमुख एडप्पाडी के पलानीस्वामी अगले मुख्यमंत्री होंगे। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु के लोग सरकार में ''परिवर्तन'' चाहते हैं और अन्नाद्रमुक ही लोगों का एकमात्र रक्षक है।

# पीएमके नेता अंबुमणि ने केंद्र से सीडब्ल्यूएमए की बैठक स्थगित करने का आग्रह किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** पट्टाली मक्कल काची (पीएमके) नेता डॉ. अंबुमणि रामदास ने सोमवार को केंद्र से आग्रह किया कि तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल में नयी सरकार के गठन तक कावेरी जल प्रबंधन प्राधिकरण (सीडब्ल्यूएमए) की बैठक स्थगित कर दी जाए, ताकि नयी सरकारों के प्रतिनिधियों की भागीदारी आगामी बैठक में सुनिश्चित हो सके। तमिलनाडु और पुडुचेरी को कावेरी जल की आपूर्ति के प्रावधान पर चर्चा करने के लिए सीडब्ल्यूएमए की 50वीं बैठक 29 अप्रैल को राष्ट्रीय राजधानी में प्रस्तावित है।

रामदास ने एक बयान में कहा, ''बैठक में चार राज्यों के प्रतिनिधि शामिल होते हैं। तमिलनाडु, पुडुचेरी और केरल को पूर्ण अधिकार दिए बिना बैठक का आयोजन अस्वीकार्य है।'' पुडुचेरी और केरल में विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को हुए थे, जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान हुआ। परिणाम चार मई को घोषित किए जाएंगे।

रामदास ने कहा कि अगर सीडब्ल्यूएमए की बैठक में कावेरी प्राधिकरण और उच्चतम न्यायालय के फैसलों के आधार पर कर्नाटक के बांधों से केवल तमिलनाडु को पानी छोड़ने पर चर्चा होती है, तो इसमें कोई समस्या नहीं होगी। उन्होंने कहा, हालांकि, कावेरी नदी पर मेकेदातु बांध के निर्माण के लिए किसी भी तरह से मंजूरी हासिल करने की कोशिश कर रही कर्नाटक सरकार मौजूदा स्थिति का फायदा उठाने और सीडब्ल्यूएमए की बैठक में मेकेदातु बांध पर चर्चा और निर्णय लेने पर जोर देने के लिए दृढ़ संकल्पित है।''

उन्होंने कहा, ''यदि बैठक में मेकेदातु बांध के मुद्दे पर चर्चा होती है, तो बैठक में भाग लेने वाले तमिलनाडु के जल संसाधन सचिव को कोई मार्गदर्शन नहीं दिया जाएगा। पीएमके नेता ने कहा कि तमिलनाडु विधानसभा चुनाव हाल ही में संपन्न हुए हैं। वर्तमान सरकार कोई भी नीतिगत निर्णय नहीं ले सकती। उन्होंने कहा, ऐसे में अगर बैठक में शामिल अधिकारी गलत रुख अपनाते हैं, तो इससे तमिलनाडु को काफी नुकसान हो सकता है।''

# अदालत ने लड़की के विवाह मामले में मध्य प्रदेश पुलिस से रिपोर्ट मांगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**तिरुवनंतपुरम।** तिरुवनंतपुरम की एक अदालत ने प्रयागराज कुंभ मेला के दौरान सभी का ध्यान आकृष्ट करने वाली उस लड़की के कथित तौर पर कम उम्र में शादी को लेकर सोमवार को मध्य प्रदेश पुलिस से रिपोर्ट मांगी, जिसने अपने एक मुस्लिम दोस्त से केरल के एक मंदिर में शादी कर ली थी। स्थानीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र अदालत (पॉक्सो अधिनियम) के न्यायाधीश शिबू एम.पी. ने महेश्वर पुलिस थाने के प्रभारी को 20 मई से पहले रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया। अदालत नेय्याट्टिनकारा के पी. नागराज की उस याचिका पर विचार कर रही थी, जिसमें मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन, शिक्षा मंत्री वी शिवनकुट्टी, राज्यसभा सदस्य ए ए रहीम, युवती से शादी करने वाले मोहम्मद फरमान खान, पूवर अरुमन्नूर नयनार देवी मंदिर के अध्यक्ष एन हरेंद्रन और सचिव अजीत कुमार के खिलाफ यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण (पॉक्सो) अधिनियम के तहत एक मामला दर्ज करने का अनुरोध किया गया था।

याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया कि माकपा नेताओं और मंदिर के पदाधिकारियों ने इस शादी में सहयोग किया था। उन्होंने शादी रद्द करने और पुलिस को इसमें शामिल लोगों की विस्तृत जांच करने का आदेश देने का भी अनुरोध किया है। याचिका पर विचार करते हुए अदालत ने पाया कि मध्य प्रदेश के महेश्वर पुलिस थाने में शादी संबंधी एक मामला पहले ही दर्ज किया जा चुका है और जांच की जा रही है। इसलिए अदालत ने महेश्वर पुलिस थाने के प्रभारी से 20 मई को याचिका पर अगली सुनवाई के दौरान रिपोर्ट तलब किया। केरल उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश निवासी खान को मध्य प्रदेश पुलिस मामले में गिरफ्तारी से अंतरिम राहत प्रदान की है। खान और लड़की ने दावा किया है कि उनके खिलाफ एक झूठा मामला दर्ज किया गया है। लड़की ने कहा है कि उसकी उम्र 18 वर्ष से अधिक है। दोनों ने पुलिस सुरक्षा की भी मांग की है और आरोप लगाया है कि उन्हें जबरन मध्य प्रदेश ले जाए जाने का भय है। मध्य प्रदेश पुलिस का एक दल हाल ही में लड़की और खान से पूछताछ करने के लिए कोच्चि पहुंचा था, लेकिन प्रक्रिया पूरी किए बिना ही लौट गया था।

# लापता मां-बेटे की तलाश के दौरान घर के अहाते से मिले शरीर के अंग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**इडुक्की।** नेदुमकंदम में एक लापता महिला और उसके बेटे की तलाश के दौरान उस परिसर में दफनाए गए शरीर के अंग पुलिस ने सोमवार बरामद किए, जहां वह दोनों रहते थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस नेदुमकंदम के कलकूनथल गांव में थूटुवाकाडा की रहने वाली मैरीकुट्टी (70) और उनके बेटे रेजी (48) की गुमशुदगी का मामला दर्ज करने के बाद उनकी तलाश कर रही थी। पुलिस ने बताया कि मैरीकुट्टी की बेटी सिनी ने रविवार को गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर एक मामला दर्ज किया गया। हालांकि, रविवार से मैरीकुट्टी का दूसरा बेटा साजी भी लापता है।

प्राथमिकी के अनुसार, मैरीकुट्टी और रेजी दो अप्रैल से दिखाई नहीं दिए हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि उसी घर में रहने वाले साजी ने अपने रिश्तेदारों को बताया था कि मैरीकुट्टी और रेजी दो अप्रैल को घर से निकले थे और वापस नहीं लौटे। जांच के दौरान पुलिस ने सोमवार को सुबह घर के परिसर की तलाशी ली और अहाते में हाल ही में खोदे गए एक गड्ढे से शरीर के अंग बरामद किए। घर का दौरा करने वाले के. एम. साबू मैथ्यू ने पत्रकारों को बताया कि साजी रविवार से लापता है। उन्होंने कहा, हमें जानकारी मिली थी कि परिवार में झगड़े हो रहे थे। इसी आधार पर जब हमने घर की जांच की तो कुछ संदिग्ध परिस्थितियां सामने आईं। हमें शक है कि उनकी हत्या की गई है। पुलिस ने शरीर के अवशेषों को पूरी तरह से बाहर निकालने और फोरेंसिक विशेषज्ञों की सहायता से जांच करने का निर्णय लिया है। पुलिस ने साजी का पता लगाने के लिए उसकी तस्वीर भी जारी की है।



**मुलाकात**

हावेरी जिले के रानेबेन्नूर में एडिगा समुदाय के प्रमुख संत और सबसे पिछड़े वर्गों के फोरम के अध्यक्ष प्रणवानंद स्वामीजी ने सोमवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार से उनके सदाशिवनगर स्थित घर पर मुलाकात की और बातचीत की।

# भाजपा ने बेंगलूरु पुलिस आयुक्त से उमर खालिद के समर्थन में आयोजित कार्यक्रम रद्द करने का आग्रह किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। कर्नाटक भाजपा ने सोमवार को बेंगलूरु पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह से कार्यकर्ता उमर खालिद के समर्थन में आयोजित एक कार्यक्रम को रद्द करने का आग्रह किया। बेंगलूरु सेंट्रल के सांसद पी. सी. मोहन के नेतृत्व में भाजपा नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने आयुक्त से मुलाकात की और इस संबंध में एक ज्ञापन सौंपा।

सूत्रों के अनुसार, उमर खालिद एंड हिज वर्ल्ड नामक पुस्तक के संपादक 28 अप्रैल को बेंगलूरु में पुस्तक के कुछ अंश पढ़ेंगे, जिसके बाद एक चर्चा होगी जिसमें कुछ इतिहासकारों और बुद्धिजीवियों के भाग लेने की संभावना है। खालिद 2020 के दिल्ली दंगों की साजिश रचने के आरोपों के सिलसिले में जेल में है। भाजपा ने अपने ज्ञापन में कहा, बेंगलूरु शहर में 'उमर खालिद प्रपंच' मंच के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें वर्तमान में आतंकवाद रोधी कानूनों के तहत गिरफ्तार खालिद के प्रति समर्थन व्यक्त किया जाएगा।

इसमें आरोप लगाया गया, देश भर में केंद्र सरकार ने नक्सलियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। हालांकि, शहरी नक्सली तत्व अभी भी सक्रिय हैं और अप्रत्यक्ष रूप से राष्ट्रविरोधी गतिविधियों का समर्थन कर रहे हैं। ज्ञापन में कहा गया है कि खालिद पर बहुत गंभीर आरोप हैं और पिछले तीन वर्षों से अदालतों द्वारा उसे जमानत देने से इनकार करना उसकी कथित आपराधिक गतिविधियों का संकेत है।

इसमें कहा गया, ऐसे व्यक्ति का महिमामंडन करना आपराधिक तत्वों को बढ़ावा देने के समान होगा। यह चौंकाने वाली बात है कि ऐसा आयोजन हमारे शहर में हो रहा है। यह भी गंभीर चिंता का विषय है कि उमर खालिद के समर्थन में नारे और दीवारों पर लिखे संदेश पूरे शहर में दिखाई देने लगे हैं, जो ऐसे नेटवर्क के प्रसार का संकेत देते हैं।

# चिन्नास्वामी स्टेडियम में सीसीटीवी से छेड़छाड़ के मामले में दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**बेंगलूरु/दक्षिण भारत।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में 24 अप्रैल को आरसीबी बनाम जीटी आईपीएल मैच के दिन सीसीटीवी निगरानी प्रणाली से कथित छेड़छाड़ के आरोप में दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, आरोपियों की पहचान मंजुनाथ (37) और अब्दुल कलाम (19) के रूप में हुई है जिन्होंने वैध अनुमति के बिना, निष्क्रिय प्रवेश कार्ड का दुरुपयोग कर स्टेडियम में कथित तौर पर प्रवेश किया और सीसीटीवी से छेड़छाड़ की। पुलिस ने बताया कि मैच के दिनों में कृत्रिम मेधा आधारित निगरानी सहायता प्रदान करने वाली कंपनी 'स्टाक्यू टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड' के आदित्य भट की शिकायत पर मामला दर्ज किया गया। प्राथमिकी के अनुसार, मैच की सुबह 240 से अधिक कैमरे बंद हो गए थे।

पुलिस के अनुसार उप-ठेकेदार 'आईवीएस डिजिटल सॉल्यूशंस' से जुड़े बताए जा रहे आरोपियों ने नेटवर्क वीडियो रिकॉर्डर (एनवीआर) प्रणाली और ऑप्टिकल फाइबर कनेक्शन को कथित तौर पर नुकसान पहुंचाया जिससे प्रवेश द्वार और परिधि क्षेत्रों सहित प्रमुख संवेदनशील इलाकों में निगरानी बाधित हो गई।

# कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन के समर्थक गुट को मई में 'खुशखबरी' मिलने की उम्मीद



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक मंत्रिमंडल में फेरबदल और डी के शिवकुमार को मुख्यमंत्री बनाने की पैरवी कर रहे कांग्रेस नेता अगले महीने ''खुशखबरी'' मिलने की उम्मीद कर रहे हैं। यह घटनाक्रम पार्टी और राजनीतिक हलकों में चार मई के बाद नेतृत्व परिवर्तन और मंत्रिमंडल में फेरबदल को लेकर अटकलों के बीच सामने आया है। चार मई को चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनावों के परिणाम, साथ ही कर्नाटक में दो विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के परिणाम घोषित किए जाएंगे।

कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक और विधानसभा में मुख्य सचेतक अशोक पट्टन ने कहा कि कर्नाटक के प्रभारी कांग्रेस महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला ने उन्हें मई के दूसरे या तीसरे सप्ताह तक ''खुशखबरी'' का आश्वासन दिया था। पट्टन विधायकों के उस समूह में शामिल थे जो इस महीने की शुरुआत में कांग्रेस आलाकमान से मंत्रिमंडल में फेरबदल की मांग करने के लिए नयी दिल्ली गया था।

चार मई की मतगणना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, ''विधायक हम पर दबाव डाल रहे हैं कि नतीजों से पहले समान विचारधारा वाले विधायकों की बैठक बुलाई जाए। हम नतीजों के बाद करीब 40 विधायकों के दिल्ली जाने पर चर्चा कर रहे हैं; तारीखें अभी तय नहीं हुई हैं।'' उन्हांने कहा, ''लेकिन नतीजों के बाद, हममें से लगभग 40 विधायक दूसरे सप्ताह तक जरूर जाएंगे और मंत्रिमंडल में फेरबदल की मांग करेंगे।'' पार्टी सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या मंत्रिमंडल में फेरबदल के पक्षधर हैं, वहीं उपमुख्यमंत्री शिवकुमार चाहते हैं कि पार्टी पहले नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला ले।

कुनिगल से कांग्रेस विधायक और उपमुख्यमंत्री के करीबी एच डी रंगनाथ ने उम्मीद जताई कि कांग्रेस आलाकमान शिवकुमार को उनकी मेहनत का उचित सम्मान देगा। उन्होंने कहा, 15 मई शिवकुमार का जन्मदिन है और मेरे समेत कई पार्टी कार्यकर्ता चाहते हैं कि उन्हें कोई खुशखबरी मिले।

# आरपीएफ डीजी सोनाली मिश्रा ने बेंगलूरु रेलवे स्टेशनों का व्यापक सुरक्षा निरीक्षण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) की महानिदेशक, आईपीएस सोनाली मिश्रा ने सोमवार को बेंगलूरु मंडल के प्रमुख रेलवे केंद्रों का उच्च-स्तरीय सुरक्षा और परिचालन निरीक्षण किया। इस दौरे का उद्देश्य गर्मियों की भीड़ को देखते हुए यात्रियों के प्रतीक्षा क्षेत्रों (होल्डिंग एरिया) की समीक्षा करना, सुरक्षा बुनियादी ढांचे का आधुनिकीकरण करना और आरपीएफ कर्मियों के कल्याण का जायज़ा लेना था। इस दौरे की शुरुआत बेंगलूरु कैंटोनमेंट (बीएनसी) रेलवे स्टेशन से हुई, जहाँ महानिदेशक का स्वागत दक्षिण पश्चिम रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों ने किया। बल की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप, सुश्री मिश्रा को बेंगलूरु कैंटोनमेंट में औपचारिक 'गार्ड ऑफ ऑनर' (सम्मान गारद) प्रस्तुत किया गया। उन्होंने टुकड़ी की चुस्त-दुरुस्त वेशभूषा और अनुशासन की सराहना की।

अपने पूरे दिन चले गहन दौरे के दौरान, महानिदेशक ने गर्मियों की भीड़ से निपटने की तैयारियों और यात्रियों के लिए प्रतीक्षा क्षेत्रों के निर्माण के संदर्भ में तीन प्रमुख स्टेशनों केएसआर बेंगलूरु, कृष्णराजपुरम और एमएमवीटी बेंगलूरु का निरीक्षण किया। इस दौरे के दौरान बेंगलूरु मंडल के मंडल रेल प्रबंधक आशुतोष कुमार सिंह ने उन्हें मार्गदर्शन दिया और बेंगलूरु मंडल की तैयारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस दौरे में शामिल होने वाले अन्य अधिकारियों में आरपीएफ के अतिरिक्त महानिदेशक सर्वप्रिय मयंक; आईजी आरपीएसएफ एवं आईजी (तकनीकी)सुमिती शांडिल्य; आरपीएफ आईजी बेंगलूरु आरएसपी सिंह; बेंगलूरु मंडल के -एडीएमआर परीक्षित मोहनपुरिया; रेलवे की डीआईजी श्रीमती जेके रश्मि; रेलवे की एसपी श्रीमती सारा फातिमा; आरपीएफ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त डॉ. श्रेयांश चिंचावडे और अन्य अधिकारी शामिल थे।




सुश्री सोनाली मिश्रा ने यात्रियों के लिए निर्धारित क्षेत्रों का भी निरीक्षण किया, जिसमें सीसीटीवी निगरानी व्यवस्था और बैगेज स्कैनर (सामान जांचने वाली मशीनों) के कामकाज की समीक्षा शामिल थी।

इसके अलावा, महानिदेशक ने बेंगलूरु रेलवे स्टेशन स्थित एकीकृत सीसीटीवी कमांड सेंटर की समीक्षा की और वहाँ लगे कैमरों के रिज़ॉल्यूशन (स्पष्टता) तथा परिचालन दक्षता की बारीकी से जांच की। उन्होंने निगरानी प्रणाली की 'लाइव फ़ीड' गुणवत्ता, कवरेज क्षेत्रों और तकनीकी क्षमताओं का आकलन किया, जिसके बाद उन्होंने सुरक्षा निगरानी बुनियादी ढांचे को और अधिक सुदृढ़ बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए।

सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल बेंगलूरु में, सुश्री मिश्रा ने टर्मिनल के आधुनिक बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया, जिसमें उन्होंने भीड़ प्रबंधन की रणनीतियों और प्रवेश तथा निकास द्वारों पर आरपीएफकर्मियों की तैनाती पर विशेष ध्यान केंद्रित किया। कृष्णराजपुरम में, डीजी ने इस महत्वपूर्ण जंक्शन पर सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया; यह जंक्शन लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए एक अहम कड़ी का काम करता है।

'सैनिक सम्मेलन' के दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए, सुश्री सोनाली मिश्रा ने रेल नेटवर्क पर संगठित अपराध और मानव तस्करी को रोकने के लिए अत्याधुनिक तकनीक और डेटा एनालिटिक्स का इस्तेमाल करने के महत्व पर ज़ोर दिया। उन्होंने आरपीएफ पोस्ट का निरीक्षण भी किया और फ्रंटलाइन कर्मचारियों से बातचीत करके उनकी शिकायतों और कल्याण संबंधी ज़रूरतों को सुना।






# पश्चिम बंगाल में खिलेगा भाजपा का कमल : नितिन नवीन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने सोमवार को विश्वास जताया कि पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत होगी और वहां भाजपा का 'कमल' खिलने जा रहा है। नवीन ने पार्टी के कार्यकर्ताओं को परिश्रम व पुरुषार्थ करने की नसीहत देते हुए कहा कि हमें राजनीति में 'शार्टकट' से बचना है। उन्होंने कहा कि आरक्षण संबंधी 'नारी शक्ति वंदन अभिनियम' को भाजपा निश्चित रूप से समय आने पर पूरा करेगी। वे राजस्थान के टोंक शहर में पार्टी के जिला कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अंग से लेकर बंग तक और अब कलिंग तक अब भारतीय जनता पार्टी का शासन तो बढ़ रहा है लेकिन हमें अभी और भी आगे बढ़ना है।

उन्होंने कहा, 'पश्चिम बंगाल में भी जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने परिश्रम किया है,वहां जिस प्रकार से मेहनत की है और पश्चिम बंगाल की जनता जिस प्रकार से वहां के शासन के खिलाफ सड़कों पर आई है... मैं आपको आश्वस्त करता हूं कि चार मई (मतगणना के दिन) को पश्चिम बंगाल में भी भारतीय जनता पार्टी का कमल खिलने जा रहा, भगवा लहराने जा रहा है।' उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल की जनता वहां की शासन व्यवस्था से त्रस्त थी।

उन्होंने कहा, 'मां, माटी और मानुस के नाम पर जो सरकार आई थी उन्होंने वहां पर मां, माटी और मानुस के साथ बेईमानी करने का काम किया।' नवीन ने कहा, 'लेकिन भाजपा कार्यकर्ताओं के संघर्ष और बलिदान से अब वह समय आ गया है कि जब वहां मतदान होगा तो आप मानकर चलिए कि भाजपा की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने जा रही है।' संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए आरक्षण से जुड़े नारी शक्ति वंदन अधिनियम के मुद्दे पर उन्होंने कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों पर निशाना साधा और उन पर महिलाओं का हक छीनने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा,'हम नारी वंदन के माध्यम से महिलाओं को उनकी हिस्सेदारी को, उनके हक को बढ़ाने का काम कर रहे तो उसको रोकने का काम कांग्रेस के साथियों ने किया।'

उन्होंने कहा, यहां जो भी कांग्रेस के नेता होंगे उनसे जाके पूछिए क्यों उन्होंने माता बहनों का हक़ छीना। उनको जवाब देना होगा। नवीन ने कहा, 'उन्होंने मां बहनों का हक़ छीना है तो उनकी लड़ाई के लिए हम तैयार है। भाजपा के नेता नरेन्द्र मोदी जब जब कोई संकल्प करते है तो उसको सिद्धि तक पहुंचते है। भाजपा का नेतृत्व ही महिलाओं के उस अधिकार को दिलाएगा और नारी वंदन अधिनियम को निश्चित रूप से समय आने पर हम पूरा करेंगे।'

पार्टी के कार्यकर्ताओं पुरुषार्थ व परिश्रम करने का आह्वान करते हुए नवीन ने कहा, 'हमें अपने कालखंड का परिश्रम व पुरुषार्थ करना है। हमें राजनीति में 'शार्टकट' से बचना है। राजनीति कोई 'सौ मीटर की दौड़' नहीं है जहां पर गति की परीक्षा होती हो, राजनीति 'लंबी दौड़' है जहां पर क्षमता (स्टोमिना) की परीक्षा होती है। इसलिए हमें अपने पूरे निरतर भाव से मेहनत व परिश्रम से अपनी पार्टी को हर दिन नए मुकाम न उंचाई तक ले जाने का संकल्प लेना है।' उन्होंने कहा, 'हमें भाजपा को विश्व की केवल बड़ी पार्टी ही नहीं विश्व की सर्वाधिक लोकप्रिय पार्टी भी बनाना है। हमारे नेता नरेन्द्र मोदी आज देश को ही नेतृत्व नहीं दे रहे, वे पूरे विश्व को एक दिशा दे रहे है। नए कार्यालय भवन के उद्घाटन की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा,'कार्यालय वो स्थान होता है, जिसके निर्माण से हममें संकल्प की भावना आती है। हमें किन विचारों के साथ आगे बढ़ना है, हमें किस कार्य पद्धति के साथ आगे बढ़ना है और हमारा ध्येय क्या है। कार्यालय, हमारे संकल्प और विचार का केंद्र होता है।'

इस अवसर पर नवीन ने टोंक भाजपा जिला कार्यालय का उद्घाटन किया। इसके साथ ही उन्होंने बूंदी, प्रतापगढ़, डूंगरपुर, चूरू, पाली एवं बाड़मेर जिला कार्यालयों का वर्चुअल उद्घाटन किया तथा पार्टी के जालौर जिला कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ मौजूद थे।



## जिन नेताओं की कांग्रेस में चलती नहीं वे उसमें क्यों हैं : मदन राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को कटाक्ष करते हुए दावा किया कि कांग्रेस में कई 'अच्छे लोग' भी हैं जिनकी पार्टी के कामकाज में सुनी नहीं जाती। राठौड़ ने कटाक्ष करते हुए सवाल किया,'वे ऐसी टोली में क्यों हैं?' राठौड़ टोंक में पार्टी कार्यकर्ताओं के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस व उसके कई नेताओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, 'कई अच्छे लोग भी हैं। मैं पूरी पार्टी का नहीं कहता लेकिन कुछ अच्छे लोग भी है उस मंडली में। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने मोदी की प्रशंसा की। आनंद शर्मा ने भी पेट्रोल और डीज़ल से जुड़ी व्यवस्थाओं की तारीफ़ की है। मनीष तिवारी ने भी तारीफ की।'

राठौड़ ने आगे कहा, 'कुछ लोग अच्छे भी होते है लेकिन उस टोली में...उनकी चलती नहीं है। .. तो ऐसी टोली में क्यों रहते हो भाई? ऐसी टोली में रहोगे तो छीटें तो लगेंगे ही।'

## किशोर को थाने में बुरी तरह पीटा गया, चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के खैरथल–तिजारा जिले के भिवाड़ी शहर में नाबालिग दलित लड़के को थाने में कथित तौर पर बुरी तरह से पीटने के मामले में थानाधिकारी (एचएचओ) समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने बताया कि थानाधिकारी समेत चार पुलिसकर्मियों के खिलाफ कानून की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। उन्होंने बताया कि लड़के की पहचान लोकेश (लगभग 16 साल) के रूप में हुई है। आरोप है कि चोरी के एक मामले में हिरासत में लिए जाने के बाद उसके साथ बुरी तरह से मारपीट की गई। पुलिस ने बताया कि घटना से जुड़े सीसीटीवी फुटेज में उसे देखा गया था।

अधिकारियों के अनुसार लड़का फिलहाल अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस अधीक्षक ने बताया, उसकी हालत स्थिर है और फेफड़ों में संक्रमण (लंग इन्फेक्शन) का इलाज चल रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस मामले में कहा कि भिवाड़ी में दलित नाबालिग बालक के साथ पुलिस की बर्बरता अत्यंत अमानवीय है और भाजपा सरकार की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाती है।

गहलोत ने कहा, यह निंदनीय है कि पुलिस ने परिजनों की प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। नेता प्रतिपक्ष श्री टीकाराम जूली ने पुलिस महानिदेशक से बात की, इसके बाद प्राथमिकी दर्ज की गयी। ऐसे में न्याय की आशा कैसे की जा सकती है। यह एक गंभीर प्रश्न है। कांग्रेस नेता ने कहा, 'वर्तमान में राजस्थान की स्थिति ऐसी हो गई है जहां दलित और महिलायें न्याय के लिए दर–दर भटक रहे हैं। मुख्यमंत्री को अविलंब इस प्रकरण में हस्तक्षेप करना चाहिए एवं दोषियों के विरुद्ध ऐसी कठोर कार्रवाई हो जो एक मिसाल कायम करे। साथ ही, अनिवार्य प्राथमिकी की व्यवस्था को पूरी तरह लागू किया जाए।'

नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि भिवाड़ी पुलिस द्वारा झिवाना निवासी नाबालिग दलित बालक लोकेश के साथ की गई बर्बर मारपीट की घटना न केवल निंदनीय है, बल्कि यह कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रही है।

उन्होंने कहा,'भाजपा राज में आए दिन गरीबों, दलितों और आदिवासियों पर बढ़ते अत्याचार भयावह रूप ले चुके हैं।' जूली के अनुसार, 'लोकेश को पुलिस ने जिस निर्दयता से पीटा है, वह अस्पताल के आईसीयू में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। उससे भी अधिक शर्मनाक यह है कि पीड़ित परिवार पर लगातार दबाव बनाया जा रहा है और उनकी रिपोर्ट तक दर्ज नहीं की जा रही। मुख्यमंत्री जी, क्या प्रदेश में यही न्याय व्यवस्था है ? जब रक्षक ही भक्षक बन जाएं, तो आमजन जाए तो जाए कहां?' उन्होंने कहा, 'यह लोकतंत्र नहीं, बल्कि तानाशाही की पराकाष्ठा है। मुख्यमंत्री जी, इस अमानवीय घटना में त्वरित संज्ञान लेते हुए दोषियों पर कठोरतम कार्रवाई की जाए।'



## पश्चिम बंगाल में अच्छा मुकाबला: गहलोत

जयपुर। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के माहौल को लेकर सोमवार को कहा कि वहां अच्छा मुकाबला हो रहा है। पश्चिम बंगाल से लौटने के बाद गहलोत ने यहां मीडिया से बातचीत में कहा कि मतगणना का इंतजार कीजिये। उन्होंने कहा कि वहां ऐसा माहौल है कि अच्छा मुकाबला है । गहलोत ने कहा कि वहां के बारे में पहले ही कुछ भी कहना आसान नहीं है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, चुनाव इस प्रकार का हो रहा है कि अभी भविष्यवाणी नहीं हो सकती है।' इसके साथ ही उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से केंद्र में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा, 'वो लोग धन का इतना दुरुपयोग कर रहे हैं, इतना निर्वाचन आयोग का दुरुपयोग कर रहे हैं। आजादी के बाद इस बार जो निर्वाचन आयोग की भूमिका हुई है बंगाल में, मेरी समझ में इस प्रकार का 'आतंक' कभी देखा नहीं। विशेष गहन पुनरीक्षण का का आतंक (वहां) अलग है।



## 2025 बैच के 7 आईएएस मिलने से राजस्थान केडर को मिलेगी अधिक मजबूती

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने एचसीएमरीपा में राजस्थान कैडर में शामिल हो रहे आईएएस बैच 2025 के 7 प्रशिक्षुओं अधिकारी के साथ संवाद करते हुए उनका राजस्थान की गौरवशाली प्रशासनिक परंपरा में स्वागत किया तथा राज्य के शासन दर्शन मैक्सिमम गवर्नेंसमिनिङ्मम गवर्नमेंट पर बल दिया। इस संवाद में एचसीएमरीपा की महानिदेशक श्रीमती श्रेया गुहा ने भी प्रशिक्षु अधिकारियों का मार्गदर्शन किया। श्रीनिवास ने राजस्थान के नागरिक–केंद्रित शासन मॉडल को विस्तार से समझाते हुए समयबद्ध जन–शिकायत निवारण, प्रत्येक पात्र तक कल्याणकारी योजनाओं की पहुंच और लाभ, आधारभूत संरचना विकास, डिजिटल शासन, प्रशासनिक सुधार तथा संस्थागत ईमानदारी पर विशेष ध्यान देने की बात कही। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों को मिशन कर्मयोगी, तकनीक–आधारित शासन, जनसंपर्क, मुख्यमंत्री ग्राम विकास अभियान, राज उन्नति तथा महिला सशक्तीकरण जैसी पहलों का प्रभावी उपयोग करते हुए संवैधानिक मूल्यों, निष्पक्षता, पारदर्शिता और लोक सेवा की भावना को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य सचिव ने सभी 07 अधिकारियों से समर्पण, नवाचार और नेतृत्व के साथ कार्य करने का आह्वान किया ताकि वे प्रशासनिक संस्थाओं को सुदृढ़ करते हुए विकसित राजस्थान 2047, विकसित भारत2047, आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करने में सार्थक योगदान दे सकें।

## जिन नेताओं की कांग्रेस में चलती नहीं वे उसमें क्यों हैं ? : राठौड़

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। भारतीय जनता पार्टी के राजस्थान प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने सोमवार को कटाक्ष करते हुए दावा किया कि कांग्रेस में कई 'अच्छे लोग' भी हैं जिनकी पार्टी के कामकाज में सुनी नहीं जाती। राठौड़ ने कटाक्ष करते हुए सवाल किया,'वे ऐसी टोली में क्यों हैं?' राठौड़ टोंक में पार्टी कार्यकर्ताओं के एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कांग्रेस व उसके कई नेताओं की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा, 'कई अच्छे लोग भी हैं। मैं पूरी पार्टी का नहीं कहता लेकिन कुछ अच्छे लोग भी है उस मंडली में। कांग्रेस नेता शशि थरूर ने मोदी की प्रशंसा की। आनंद शर्मा ने भी पेट्रोल और डीज़ल से जुड़ी व्यवस्थाओं की तारीफ़ की है। मनीष तिवारी ने भी तारीफ की।' राठौड़ ने आगे कहा, 'कुछ लोग अच्छे भी होते है लेकिन उस टोली में...उनकी चलती नहीं है। .. तो ऐसी टोली में क्यों रहते हो भाई? ऐसी टोली में रहोगे तो छीटें तो लगेंगे ही।'

## अनिवार्य 'एफआईआर' का नियम सख्ती से लागू हो : अशोक गहलोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने थानों में अनिवार्य प्राथमिकी दर्ज करने के नियम को सख्ती से लागू किए जाने की मांग की है। गहलोत के अनुसार पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 'अनिवार्य एफआईबार' का नियम इसीलिए बनाया था ताकि पीड़ितों को न्याय मिलने का विश्वास रहे। उन्होंने सोमवार को एक बयान में कहा, 'कांग्रेस सरकार के दौरान शुरू किया गया अनिवार्य प्राथमिकी का नियम अब भी सख्ती से लागू किया जाना चाहिए।'

उन्होंने कहा कि भिवाड़ी में दलित नाबालिग बालक के साथ पुलिस की बर्बरता अत्यंत अमानवीय है और भाजपा सरकार की दलित विरोधी मानसिकता को दर्शाती है। जयपुर के चिकित्सालय में बालक की स्थिति अत्यंत चिंताजनक बताई जा रही है। गहलोत ने कहा, 'यह निंदनीय है कि पुलिस ने परिजनों की प्राथमिकी तक दर्ज नहीं की। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली द्वारा पुलिस महानिदेशक से बात करने के बाद एफआईआर दर्ज हुई। ऐसे में न्याय की आशा कैसे की जा सकती है? यह एक गंभीर प्रश्न है।'

उन्होंने कहा, 'पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार ने 'अनिवार्य प्राथमिकी' का नियम इसीलिए बनाया था ताकि पीड़ितों को न्याय मिलने का विश्वास रहे। इस कारण अपपाध के आंकड़े भले ही बढ़े परंतु पीड़ितों को न्याय मिलना सुनिश्चित हुआ और शिकायत लेकर जयपुर आने वाले पीड़ितों की संख्या बेहद कम हो गई।' गहलोत के अनुसार, 'किंतु वर्तमान में राजस्थान की स्थिति ऐसी हो गई है जहां दलित और महिलायें न्याय के लिए दर–दर भटक रहे हैं। मुख्यमंत्री को अविलंब इस प्रकरण में हस्तक्षेप करना चाहिए एवं दोषियों के विरुद्ध ऐसी कठोर कार्रवाई हो जो एक मिसाल कायम करे। साथ ही, अनिवार्य प्राथमिकी की व्यवस्था को पूरी तरह लागू किया जाए।'



## राजस्थान में भीषण गर्मी के बीच कई जगह हल्की बारिश

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में भीषण गर्मी का दौर जारी है, हालांकि इस दौरान कई जगह हल्की बारिश और बूंदाबांदी हुई। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में अधिकतम तापमान में आंशिक गिरावट आ सकती है। मौसम केंद्र जयपुर के अनुसार, सोमवार की सुबह, बीते चौबीस घंटे के दौरान राज्य में कुछ हिस्सों में उष्ण लहर और उष्ण रात्रि दर्ज़ होने के साथ ही कई जगह बादलों की गरज और हवाओं के साथ हल्की बारिश या बूंदाबांदी दर्ज की गयी। इस समय राजस्थान के अधिकतर भागों में अधिकतम तापमान 44–46 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया जा रहा हैं जो इस मौसम के सामान्य तापमान से अधिक है। बीते चौबीस घंटे में अधिकतम 46.4 डिग्री सेल्सियस तापमान बाड़मेर में रहा। इस दौरान सर्वाधिक बारिश फलौदी में 4.0 मिलीमीटर हुई।

मौसम केंद्र के अनुसार, राज्य के कुछ भागों में उष्ण लहर का दौर अभी जारी रह सकता है। हालांकि एक नए पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने और बंगाल की खाड़ी से आने वाली पूर्वी हवाओं के प्रभाव से आगामी 3–4 दिन दोपहर बाद बादलों की गरज के साथ आंधी चलने व कहीं–कहीं हल्की बारिश होने की उम्मीद है।

## विधानसभा में बम रखे होने की धमकी फर्जी निकली

जयपुर। राजस्थान विधानसभा में बम रखे होने संबंधी धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद सोमवार को परिसर में जांच की गई, हालांकि कोई संदिग्ध वस्तु नहीं पाई गई। पुलिस ने यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि राजस्थान विधानसभा के आधिकारिक ईमेल पर आज सुबह एक धमकी भरा ईमेल प्राप्त हुआ, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई।

उन्होंने बताया कि बम निरोधक दस्ता ने पूरे परिसर की गहन जांच की, लेकिन कोई भी संदिग्ध वस्तु नहीं मिली।

## राज्य सरकार पशुपालन के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत : सीताराम

जयपुर/दक्षिण भारत। पशुपालन, डेयरी, गोपालन एवं मत्स्य विभाग के प्रमुख शासन सचिव विकास सीतारामजी भाले ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार पशुपालन के क्षेत्र में समग्र विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है। पशुओं एवं पशुपालकों के कल्याण के प्रति सरकार की समर्पित सोच और नीतियों के कारण आज पशुपालन रोजगार का एक जरिया बनकर उभर रहा है। इन प्रयासो के ङ्वपरिणामस्वरूप प्रदेश में लाखों लोगों को कृषि एवं पशुपालन से रोजगार प्राप्त हो रहा है। भाले ने सोमवार को राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के तत्वावधान में 6 तरल नाइट्रोजन परिवहन वाहनों की विधिवत पूजा कर उन्हें हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने वाहनों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि तरल नाइट्रोजन के वितरण की व्यवस्था को सुगम और सुदृढ़ बनाने की दृष्टि से केन्द्र सरकार की शत प्रतिशत वित्त पोषित राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत 6 जिलों को नाइट्रोजन परिवहन वाहन उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इससे पूर्व भी आवश्यकतानुसार 20 जिलों को ये वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि नाइट्रोजन विशेष रूप से कृत्रिम गर्भाधान कार्यक्रमों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इसके सुरक्षित एवं समयबद्ध परिवहन की व्यवस्था से ग्रामीण क्षेत्रों तक उच्च गुणवत्ता वाली सेवाएं पहुंचाना संभव होगा।

उल्लेखनीय है कि ये नाइट्रोजन परिवहन वाहन अलवर, खैरथल तिजारा, कोटपुतली–बहरोड़, सलूम्बर, फलौदी तथा जैसलमेर जिलों के लिए रवाना किए गए हैं। इस अवसर पर पशुपालन विभाग के निदेशक और राजस्थान पशुधन विकास बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ सुरेशचंद मीना, पशुपालन विभाग के अतिरिक्त निदेशक डॉ प्रवीण कुमार, डॉ संजय कुमार, डॉ जुगलकिशोर मिश्रा, डॉ लक्ष्मण राव तथा आरएलडीबी के प्रबंधक डॉ प्रीतपाल कालरा सहित विभाग के अधिकारी और कर्मचारीगण मौजूद थे।

## युवक की कुल्हाड़ी मार कर हत्या, गुस्साई भीड़ ने घरों में लगाई आग, पुलिस पर भी पथराव

बांसवाड़ा। राजस्थान के बांसवाड़ा जिले का टामटिया गांव रविवार रात रणक्षेत्र में तब्दील हो गया। पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष में एक युवक की कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी गई। वारदात के बाद भड़की हिंसा में उग्र भीड़ ने आरोपी पक्ष के घरों और बाड़ों को आग के हवाले कर दिया। स्थिति को संभालने पहुँची पुलिस टीम पर भी पथराव किया गया, जिसके बाद पूरे गांव को छावनी में तब्दील कर दिया गया है। एसपी सुधीर जोशी ने बताया कि मामला मोटा गांव थाना क्षेत्र का है। मृतक युवक किसी पुराने विवाद को सुलझाने के लिए आरोपी पक्ष के घर गया था।

वहां दोनों के बीच कहासुनी गाली–गलौज में बदल गई। विवाद इतना बढ़ा कि आरोपी पक्ष ने कुल्हाड़ी से युवक पर ताबड़तोड़ वार कर दिए, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। युवक की मौत की खबर फैलते ही मृतक के परिजन और ग्रामीण आक्रोशित हो गए। भीड़ ने कानून हाथ में लेते हुए आरोपी पक्ष के घरों और बाड़ों में तोड़फोड़ शुरू कर दी और कई जगहों पर आग लगा दी। आग की लपटें देख गांव में अफरा–तफरी मच गई।

# बंगाल का माहौल भाजपा की जीत का संकेत दे रहा, शपथ ग्रहण समारोह में फिर आऊंगा : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को विश्वास जताया कि विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा पश्चिम बंगाल में अगली सरकार बनाएगी और चार मई को परिणाम घोषित होने के बाद वह शपथ ग्रहण समारोह के लिए फिर आएंगे। प्रधानमंत्री मोदी विधानसभा चुनाव के दूसरे और अंतिम चरण के तहत प्रचार के आखिरी दिन उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर में एक रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए उस पर 'सिंडिकेट राज' चलाने, राजनीतिक हिंसा करने और राज्य में आर्थिक पिछड़ेपन का आरोप लगाया।

मोदी ने कहा, ''पश्चिम बंगाल में मैं जहां कहीं भी गया, मैंने जो माहौल महसूस किया है, उससे मैं कह सकता हूं कि चार मई के बाद भाजपा सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में मुझे फिर से आना होगा।'' इस पर भीड़ ने जोरदार तालियां बजाईं। बैरकपुर के ऐतिहासिक महत्व का जिक्र करते हुए, प्रधानमंत्री ने कहा कि इस भूमि ने 1857 में भारत के पहले स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और अब यह पश्चिम बंगाल में राजनीतिक परिवर्तन का आधार तैयार कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत के समग्र विकास के लिए पश्चिम बंगाल की प्रगति आवश्यक है। उन्होंने जोर दिया कि पूर्वी क्षेत्र का उदय देश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, अतीत में, जब भारत समृद्ध था, तब उसके तीन मजबूत स्तंभ थे – अंग, बंग और कलिंग – जो आज के बिहार, बंगाल और ओडिशा हैं। जब ये तीनों स्तंभ कमजोर हुए, तो इससे भारत की शक्ति को गहरा आघात पहुंचा। पूर्वी भारत के उदय के बिना राष्ट्र का उत्थान अधूरा है। पड़ोसी राज्यों में भाजपा की जीत का उदाहरण देते हुए मोदी ने कहा, ''ओडिशा और बिहार के बाद इस बार पश्चिम बंगाल में भी कमल खिलेगा।'' उन्होंने कहा, ''पश्चिम बंगाल की सेवा करना, उसे सुरक्षित रखना और उसे बचाना मेरी नियति और कर्तव्य है।'' प्रधानमंत्री मोदी ने सत्ताधारी दल पर शासन करने के बजाय गाली–गलौज और धमकियों का सहारा लेने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया, ''तृणमूल की एकमात्र रणनीति गाली–गलौज करना, धमकियां देना और झूठी बातें फैलाना प्रतीत होती है। उन्होंने मुझे, संवैधानिक संस्थाओं और यहां तक कि सशस्त्र बलों को भी अपने अपमानजनक बयानों से निशाना बनाया है। लेकिन तृणमूल के किसी भी नेता ने पिछले 15 वर्षों में अपने श्रारा किए गए कार्यों का हिसाब नहीं दिया। उन्होंने कहा, ''तृणमूल के पास पश्चिम बंगाल के विकास के लिए कोई दूरदृष्टि नहीं है।'' उन्होंने दावा किया कि राज्य में उद्योग बंद हो रहे हैं जबकि अपराधियों के गिरोह फल–फूल रहे हैं। मोदी ने कहा, ''एक तरफ मिलें बंद हो रही हैं तो दूसरी तरफ कच्चे बम बनाने के कारखाने खुल रहे हैं, जिनमें गुंडों को काम पर रखा जा रहा है और तृणमूल का गिरोह फैल रहा है। गुंडों को नौकरियां मिल रही हैं और तृणमूल का गिरोह बढ़ रहा है। यही उनका जंगल कानून है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने उस नारे को ही त्याग दिया है जिसके सहारे वह सत्ता में आई थी। उन्होंने कहा, इस चुनाव में एक बात जो मुझे चिंतित करती है, वह यह है कि तृणमूल नेता 'मां, माटी, मानुष' का जिक्र तक नहीं करते। उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा, 'मां' के लिए कुछ नहीं किया; किसानों, 'माटी' के लिए कुछ नहीं किया; और युवाओं के लिए भी कुछ नहीं किया। महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सत्ताधारी पार्टी को निशाना बनाते हुए मोदी ने सीधे महिला मतदाताओं से अपील की और कहा कि पश्चिम बंगाल में बेटियां सुरक्षित नहीं हैं और पीड़ित न्याय से वंचित हैं। उन्होंने कहा, जब आप वोट डालने जाएं, तो उन बदमाशों और गुंडों के चेहरों को याद रखें जो टीएमसी के नाम पर अत्याचार करते हैं। कमल के निशान को वोट दें ताकि बेटियां रात में बिना किसी डर के बाहर निकल सकें और जिन लोगों के साथ अन्याय हुआ है उन्हें न्याय मिल सके। उन्होंने कथित जनसांख्यिकीय परिवर्तन और अवैध घुसपैठ को लेकर तृणमूल कांग्रेस पर हमला भी किया। उन्होंने कहा, तृणमूल ने कोलकाता को लंदन में बदलने का वादा किया था, लेकिन 15 वर्षों में उन्होंने कोलकाता की पहचान ही बदल दी है। उन्होंने शहर में घुसपैठियों को बसा दिया है। लोगों को भारतीय नागरिकों की सुरक्षा का आश्वासन देते हुए मोदी ने कहा, जाति या धर्म कुछ भी हो, भारतीयों को किसी भी समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा, लेकिन घुसपैठियों को नहीं बख्शा जाएगा।''

## प्रधानमंत्री मोदी ने सिक्किम में बड़ा रोड शो किया



**गंगटोक/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार शाम सिक्किम की राजधानी गंगटोक में एक विशाल रोड शो का नेतृत्व किया। सिक्किम राज्य की स्थापना के 50 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह के समापन कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मोदी गंगटोक पहुंचे। लेपचा कोट पहने मोदी का लिबिंग हेलीपैड पर राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर और मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने स्वागत किया।

हेलीपैड से प्रधानमंत्री ने रोड शो शुरू किया, जो लोक भवन में समाप्त होगा, जहां वह रात्रि प्रवास करेंगे। खुली गाड़ी में मोदी के बाईं ओर मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग और दाईं ओर राज्य भाजपा अध्यक्ष डी.आर. थापा बैठे थे। प्रधानमंत्री की एक झलक पाने के लिए सड़कों पर घंटों तक भारी भीड़ उमड़ती रही और लोग राष्ट्रीय ध्वज लहरा रहे थे।

जैसे ही प्रधानमंत्री का काफिला पहुंचा, लोग जश्न मनाने लगे और उत्सव का माहौल बन गया। रोड शो के मार्ग को सजाया गया था, कई जगहों पर मेहराबदार श्रर बनाए गए थे और सड़कों के किनारे प्रधानमंत्री के बड़े–बड़े कटआउट लगाए गए थे।

## भाजपा से पैसे लें, तृणमूल कांग्रेस का समर्थन करें : अभिषेक बनर्जी ने कार्यकर्ताओं से कहा



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता अभिषेक बनर्जी ने सोमवार को आरोप लगाया कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधानसभा क्षेत्रों में समर्थन जुटाने के लिए पैसे बांट रही है। उन्होंने तृणमूल कार्यकर्ताओं से भाजपा नेताओं से पैसे स्वीकार करने, लेकिन चुनाव में अपनी ही पार्टी का समर्थन करने की अपील की।

अभिषेक ने पश्चिम बंगाल के नादिया जिले के धानीखाली में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर भाजपा नेता पैसे बांटते हुए नजर आते हैं, तो लोगों को इसे स्वीकार कर लेना चाहिए, क्योंकि यह उन्हीं का पैसा है। उन्होंने कहा, यह हमारे हक की राशि है, जिसे उन्होंने (केंद्र सरकार) रोक दिया है। उन्होंने हमें एक लाख करोड़ रुपए के केंद्रीय बकाया से वंचित कर दिया है। उनसे पैसा लें और तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवारों को वोट दें। अभिषेक ने आरोप लगाया कि राज्य में भारी मात्रा में धन की आपूर्ति की जा रही है। उन्होंने कहा, दो दिन पहले छापेमारी के दौरान एक व्यक्ति के जूते में छिपाकर रखी गई राशि बरामद हुई थी। असम भाजपा का एक नेता नोटों की गड्डियों की आपूर्ति में शामिल है।



## बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दक्षिण कोलकाता में रोड शो किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए प्रचार समाप्त होने से कुछ घंटे पहले, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार दोपहर दक्षिण कोलकाता में छह किलोमीटर से अधिक लंबा रोड शो किया।

तृणमूल कांग्रेस प्रमुख के साथ पार्टी की राज्यसभा सदस्य सागरिका घोष और टॉलीगंज और रासबिहारी से उम्मीदवार क्रमशः अरूप बिस्वास और देबाशीष कुमार भी थे। सड़क किनारे, छतों और बालकनी में इंतजार कर रहे लोगों ने बनर्जी का हाथ हिलाकर अभिवादन किया, जिन्होंने हाथ जोड़कर उनका जवाब किया और तेजी से आगे बढ़ती रहीं, जिससे उनकी पार्टी के साथियों को उनके साथ कदम मिलाकर चलने में मुश्किल हो रही थी। मुख्यमंत्री भवानीपुर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ रही हैं, जहां उनका मुकाबला भाजपा के उनके कट्टर प्रतिद्वंद्वी शुभेंदु अधिकारी से है, जिन्होंने 2021 के चुनावों में नंदीग्राम में उन्हें हराया था। इसके बाद बनर्जी भवानीपुर से उपचुनाव में निर्वाचित हुईं। यादवपुर क्षेत्र के सुकांत सेतु से शुरू हुआ यह रोड शो, उनके कालीघाट स्थित आवास के पास से गुजरते हुए गोपालनगर चौराहे पर समाप्त हुआ। जिन सड़कों से होकर ममता को गुजरीं, वहां तृणमूल कांग्रेस के झंडे, झालरें, बनर्जी के कटआउट व उम्मीदवारों के समर्थन में नारे लिखे बैनर बड़ी संख्या में लगे हुए थे। रोड शो शाम करीब साढ़े पांच बजे खत्म हुआ।

## बिहार में गरीबों के आशियाने तोड़ने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था की जाए : चिराग

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पटना/भाषा।** केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सोमवार को बिहार की सम्राट चौधरी सरकार से आग्रह किया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत जिन गरीब लोगों के आवास ध्वस्त किए जाने हों, उन्हें पहले ''वैकल्पिक'' स्थान उपलब्ध कराया जाए।

चिराग ने यहां पत्रकारों से बातचीत में यह उम्मीद जताई कि जो लोग उस भूमि पर अपने वैध स्वामित्व का प्रमाण दे सकते हैं, जिस पर उनके मकान बने हैं, उनके साथ ''कोई अन्याय'' नहीं होगा। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सहयोगी दल लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता ने राज्य में इस महीने की शुरुआत में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत सरकार बनने के बाद तेज हुए ''बुलडोजर कार्रवाई'' पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा, लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की अपेक्षा है कि अतिक्रमण हटाओ अभियान में गरीबों को कष्ट न हो। सरकार कानून के अनुसार कार्रवाई करे, लेकिन उससे पहले उन्हें वैकल्पिक स्थान उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा, जिस भूमि का मामला है, यदि कोई व्यक्ति उसका वैध स्वामी है, तो उसके साथ कोई अन्याय नहीं होना चाहिए।

विपक्षी दलों जैसे राष्ट्रीय जनता दल और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (माले) लिबरेशन का आरोप है कि सम्राट चौधरी, जो बिहार में सरकार का नेतृत्व करने वाले पहले भाजपा नेता हैं, अपने उत्तर प्रदेश के समकक्ष योगी आदित्यनाथ के ''बुलडोजर राज'' से प्रेरणा ले रहे हैं।

हालांकि, सम्राट चौधरी ने कहा है कि ''सुंदर और समृद्ध बिहार'' के निर्माण के लिए सख्त कदम जरूरी हैं। उन्होंने दावा किया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान के तहत ''मेरे अपने घर की सीढ़ियां तक तोड़ी गई हैं।''

## 'लोटस' अब 'लूटस' बन गया है : कांग्रेस



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी से अलग होने वाले सात सांसदों के भाजपा में विलय को राज्यसभा के सभापति सी पी राधाकृष्णन श्रारा मान्यता दिए जाने के बाद सोमवार को कटाक्ष करते हुए कहा कि इसमें कोई हैरानी नहीं होनी चाहिए और 'लोटस' (कमल का फूल) अब 'लूटस' बन गया है। 'कमल का फूल' भाजपा का चुनाव चिन्ह है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''आप के सात सांसदों के भाजपा में विलय को स्वीकार करने का राज्यसभा के सभापति का निर्णय बिल्कुल भी आश्चर्यजनक नहीं है। वास्तव में आश्चर्य केवल यह है कि इसमें इतना समय लग गया और बीते सप्ताहांत इसे औपचारिक रूप से स्वीकार नहीं किया गया।'' उन्होंने कहा, ''भाजपा ने इन सांसदों की उसी तरह सराहना की है जैसे इन सांसदों ने अपने नए घर को गर्मजोशी से अपनाया है। हाल तक, भाजपा के पास उनकी ईमानदारी को लेकर गंभीर सवाल थे और ठोस सबूत होने का दावा था, लेकिन अब वह सब आसानी से भुला दिया गया है।''

## कांग्रेस प्रधानमंत्री पर हमले की कामना कर रही है: भाजपा का आरोप

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** वाशिंगटन में शनिवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उपस्थिति में आयोजित एक कार्यक्रम में हुई गोलीबारी पर महाराष्ट्र के विधायक विजय वडेट्टीवार की टिप्पणियों को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। भाजपा ने आरोप लगाया कि कांग्रेस विधायक ने घटना को उचित ठहराया है और वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर इसी तरह के हमले के लिए प्रार्थना कर रहे हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से विधायक के बयान की निंदा करने की मांग की। सत्ताधारी पार्टी श्रारा साझा किए गए एक वीडियो में, वडेट्टीवार कथित तौर पर कहते हैं, जैसा बोओगे वैसा काटोगे। जो भी करोगे, उसका परिणाम भुगतना ही पड़ेगा, साथ ही वह आरोप लगाते हैं कि ट्रंप ने अपने कार्यकाल के दौरान अन्य देशों पर प्रभुत्व जमाने की कोशिश की है और वैश्विक शांति को भंग किया है। उन्होंने कथित तौर पर यह भी कहा कि भारत में भी इसी तरह की भावना है।

ट्रंप, प्रथम महिला मेलानिया ट्रंप, उपराष्ट्रपति जे.डी. वेंस और अन्य शीर्ष अधिकारियों को वाशिंगटन हिल्टन होटल में 'व्हाइट हाउस कॉरेस्पोंडेंट्स एसोसिएशन' के वार्षिक रात्रिभोज से उस समय सुरक्षित निकाल लिया गया, जब कई हथियारों से लैस एक व्यक्ति ने होटल के बैंक्वेट हॉल के बाहर गोलियां चलाईं।

वडेट्टीवार की टिप्पणियों का एक वीडियो क्लिप पोस्ट करते हुए भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राजनीतिक आलोचना की सीमा पार कर इस हमले का समर्थन किया है। उन्होंने 'एक्स' पर एक वीडियो पोस्ट में कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का विरोध करके कांग्रेस पार्टी अब देश के खिलाफ जा रही है। विजय वडेट्टीवार ने ट्रंप पर हुए गोलीबारी के प्रयास को जायज ठहराते हुए कहा है कि भारत में भी ऐसी ही भावना मौजूद है। एक तरह से वे यही उम्मीद कर रहे हैं कि ऐसी घटना यहां भी घटित हो। पूनावाला ने विधायक पर पहले भी विवादास्पद बयान देने का आरोप लगाया, जिसमें ऑपरेशन सिंदूर पर बयान देना और 26/11 हमलों में पाकिस्तानी आतंकवादियों को कथित तौर पर क्लीन चिट देना शामिल है।

## शहरी विकास से जुड़ी योजनाओं को शीघ्र पूरा किया जाए : मुख्यमंत्री



**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने सोमवार को शहरी विकास से जुड़ी योजनाओं को शीघ्र पूरा करने तथा स्वच्छता एवं जलापूर्ति पर विशेष ध्यान निर्देश अधिकारियों को दिया।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आयोजित समीक्षा बैठक में सम्राट चौधरी ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत पात्र लाभार्थियों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराया जाए, ताकि शहरी क्षेत्रों में बेघर परिवारों को पक्के मकान मिल सकें। उन्होंने ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के लिए पीपीपी मॉडल अपनाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे कचरे का बेहतर प्रबंधन और इस्तेमाल किया जा सकेगा। सीवरेज शोधन संयंत्रों को संचालित रखने और गंगा नदी के किनारे निर्माणाधीन संयंत्रों का काम तेजी से पूरा करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत लगाए गए सभी लाइट के लिए एक प्रभावी निगरानी प्रणाली विकसित करने का निर्देश दिया।

## संतकबीरनगर में एक गांव में दो बारात पक्षों के बीच विवाद में पथराव, युवक की मौत

**संत कबीरनगर (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के संत कबीरनगर जिले के धनघटा थाना क्षेत्र के गायघाट गांव में सोमवार को दो पक्षों की बारातों के बीच हुए संघर्ष में एक युवक की मौत हो गई, जबकि छह अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस के अनुसार मामले में कुछ आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। हालांकि अभी पुलिस ने उनका ब्यौरा नहीं दिया है। एसपी संदीप कुमार मीणा ने बताया कि रविवार रात गायघाट गांव में एक लड़की की शादी थी, जिसकी बारात आई थी। उसी गांव के निवासी एक युवक की बारात दूसरे गांव जा रही थी। डांस के दौरान बारात में शामिल महिलाओं पर किसी ने पत्थर फेंक दिया। इसके बाद दोनों पक्षों में विवाद हो गया।



## पश्चिम बंगाल में चुनाव पूर्व हिंसा में तृणमूल सांसद पर हमला, सीआईएसएफ जवान को लगी गोली

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोलकाता/भाषा।** दक्षिण पश्चिम बंगाल में हिंसा की अलग–अलग घटनाओं में कथित तौर पर तृणमूल कांग्रेस की एक सांसद पर हमला किया गया और सीआईएसएफ के एक जवान को गोली मार दी गई। राज्य में बुधवार को दूसरे चरण का चुनाव होना है।

हुगली जिले में, आरामबाग की सांसद मिताली बाग ने सोमवार को आरोप लगाया कि जब वह पार्टी नेता अभिषेक बनर्जी की रैली में शामिल होने जा रही थीं, तब गोघाट पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ की।

बाग ने दावा किया कि भाजपा कार्यालय के पास उन पर हमला हुआ और उनकी गाड़ी का शीशा टूटने से उन्हें चोटें आईं। उन्होंने आरोप लगाया कि महिला और दलित जन प्रतिनिधि होने के बावजूद, उन्हें फासीवादी भाजपा श्रारा संरक्षित गुंडों ने निशाना बनाया। बाद में उन्हें इलाज के लिए आरामबाग अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में बाग से मिलने पहुंची बनर्जी ने हमले की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि बंगाल की जनता भाजपा को मुंहतोड़ जवाब देगी। भाजपा ने आरोपों का खंडन करते हुए इस घटना को नाटक बताया और इसके बजाय तृणमूल कांग्रेस समर्थकों पर उनके नेता पर हमला करने का आरोप लगाया। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बताया कि इस मामले में रिपोर्ट मांगी गई है और इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय बलों को भी मौके पर तैनात किया गया है। एक अन्य घटना में, रविवार देर रात उत्तरी 24 परगना जिले के भाटपारा इलाके में भाजपा उम्मीदवार पवन सिंह के आवास के बाहर हुई गोलीबारी में केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) का एक जवान घायल हो गया। घायल जवान की पहचान योगेश शर्मा के रूप में हुई है, जिन्हें पैर में गोली लगी है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। निर्वाचन आयोग ने घटना पर रिपोर्ट मांगी है। पुलिस ने बताया कि इस घटना के सिलसिले में तृणमूल पार्षद समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## मंगेतर के साथ घूमने गई युवती से दुष्कर्म, दो आरोपी गिरफ्तार

**बांदा (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के बांदा जिले से सटे फतेहपुर जिले में मंगेतर के साथ घूमने गई एक युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने के आरोप में पुलिस ने सोमवार को दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप में खागा के कोतवाल को लाइन हाजिर कर दिया गया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक खागा कोतवाली क्षेत्र में हुई इस घटना में तीसरे फरार आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित किया गया है। फतेहपुर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिमन्यु मांगलिक ने सोमवार को बताया कि खागा कोतवाली क्षेत्र में 24 अप्रैल को अपने मंगेतर के साथ घूमने गई 22 साल की युवती को कुटीपर नहर पुलिया के पास से तीन लड़के ललित, युवराज और बबलू जबरन जंगल में ले गए जहां युवराज ने उससे कथित रूप से दुष्कर्म किया। उन्होंने बताया कि युवती ने 25 अप्रैल को खागा कोतवाली जाकर शिकायती पत्र दिया था, लेकिन मामले को गंभीरता से नहीं लिया गया।

## केजरीवाल ने न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को लिखा पत्र, कहा: न्याय होता हुआ दिखना भी चाहिए

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** आम आदमी पार्टी (आप) के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायाधीश स्वर्ण कांता शर्मा को पत्र लिखकर कहा है कि आबकारी मामले में न तो वह व्यक्तिगत रूप से और न ही वकील के मार्फत से उनके समक्ष पेश होंगे। पार्टी ने सोमवार को यह जानकारी दी।

केजरीवाल ने चार पन्नों के इस पत्र में ''न्याय नहीं मिलने'' की ओर इशारा करते हुए कहा कि इस मामले को लेकर उनकी ''गंभीर'' चिंताएं हैं। बाद में केजरीवाल ने 'एक्स' पर एक वीडियो संदेश पोस्ट किया, जिसमें उन्होंने कहा कि उनकी लड़ाई ''जीत या हार के बारे में नहीं है, बल्कि सही और गलत के बारे में है।'' उन्होंने यह भी कहा कि वह इस मामले में न्यायमूर्ति शर्मा श्रारा पूर्व में दिए गए आदेश के खिलाफ उच्चतम न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे हैं।



पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, ''लोग मुझसे पूछ सकते हैं कि यदि मैं मामले की सुनवाई से खुद को अलग नहीं करने संबंधी उनके आदेश से खुश नहीं हूं, तो मैं उच्चतम न्यायालय क्यों नहीं जाता? मैं उसके लिए तैयारी कर रहा हूं, यह बहुत संवेदनशील मामला है।''

केजरीवाल ने वीडियो में कहा, ''कानून, सम्मान और न्यायपालिका में जनता के भरोसे को ध्यान में रखते हुए, मैं एक बार में एक ही कदम उठा रहा हूं। मैं यह कदम अहंकार, विद्रोह या न्यायपालिका के अपमान के तौर पर नहीं उठा रहा हूं।'' उन्होंने पत्र में लिखा, ''मैंने तय किया है कि इस मामले में आगे की कार्यवाही में मैं भाग नहीं लूंगा, न तो व्यक्तिगत रूप से, न ही वकील के मार्फत।'' केजरीवाल ने पत्र में लिखा, ''न्याय न केवल होना चाहिए, बल्कि होता हुआ दिखना भी चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''यह सिद्धांत लोकतंत्र में न्यायालय श्रारा नागरिक को दी जाने वाली सबसे मूलभूत गारंटियों में से एक है।'' पत्र में महात्मा गांधी के दिखाये रास्तों और सत्याग्रह के सिद्धांतों का उल्लेख करते हुए केजरीवाल ने कहा कि उनका मकसद ''न्यायपालिका को मजबूत करना और उसे कमजोर होने से बचाना'' है। आप प्रमुख ने दावा किया कि न्यायमूर्ति शर्मा को मामले की सुनवाई से अलग किए जाने संबंधी उनकी पिछली याचिका को व्यक्तिगत हमले के रूप में लिया गया। इस याचिका को 20 अप्रैल को खारिज कर दिया गया था।

## यह तो ईश्वर की कृपा, किसी को ज़्यादा बच्चे, किसी को कम : दयाशंकर



**बलिया (उप्र)/भाषा।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने देश में जनसंख्या नियंत्रण के लिए सख्त कानून की मांग के बीच कहा कि 'यह ईश्वर की कृपा है कि किसी को ज्यादा बच्चे होते हैं, किसी को कम। सिंह ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए पीडीए का मतलब परिवार डेवलपमेंट ऑथोरिटी बताया। सोमवार को जिला मुख्यालय पर महिला जन आक्रोश अभियान कार्यक्रम के बाद संवाददाताओं से बात करते हुए सिंह ने कहा, भारत में किसी पर रोक नहीं है। यह तो ईश्वर की कृपा है। किसी को पांच बच्चे होते हैं, किसी को एक भी नहीं होते। अखिलेश यादव पर तंज कसते हुए उन्होंने कहा, अखिलेश यादव मुंगेरीलाल के हसीन सपने देख रहे हैं। ये कभी सत्ता में आने वाले नहीं हैं। सिंह ने कहा 2012 में मुलायम सिंह यादव के नेतृत्व में चुनाव लड़ा गया था। उन्होंने इन्हें मुख्यमंत्री बनाया। उसके बाद से ये (अखिलेश) लगातार हार रहे हैं।

## सुविचार

**न थके अभी पैर, न अभी हिम्मत हारी है,
जज्बा है जिंदगी में कुछ कर दिखाने का,
इसलिए सफर जारी है।**

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# नकल और मिलावट का कपट धंधा

भारत में नकली और मिलावटी चीजों का कपट धंधा धड़ल्ले से जारी है। ऐसे लोग चंद रुपयों के लिए जनता की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो देखकर अब तो मन में सवाल पैदा होता है– क्या कोई ऐसी चीज भी बची है, जो नकली नहीं है या जिसमें कोई मिलावट नहीं है? हाल में दिल्ली पुलिस ने नकली टूथपेस्ट बनाने वाले एक कारखाने का भंडाफोड़ किया था। वहां कच्चे पेस्ट, मशीनों और पैकेजिंग सामग्री से एक मशहूर ब्रांड का नकली टूथपेस्ट बनाया जाता था। तैयार माल को स्थानीय बाजारों में बेच दिया जाता था। उससे किसी के दांत चमकें या न चमकें, कारखाने के मालिक का धंधा जरूर चमक रहा था। मेरठ में दो कारखाने नकली पनीर बनाकर लोगों को स्वाद के साथ बीमारियां परोस रहे थे। जब अधिकारियों ने छापा मारा तो 2,800 किलोग्राम से ज़्यादा नकली पनीर बरामद हुआ। अगर यह कार्रवाई नहीं होती तो इतना 'पनीर' लोगों की थाली में जाता। दूध और घी में मिलावट आम बात हो गई है। विक्रेताओं को लिखना पड़ता है– 'यहां शुद्ध दूध और शुद्ध घी मिलता है।' सवाल है– दूध और घी को 'शुद्ध' लिखने की नौबत ही क्यों आई? मिलावट करने वालों ने विश्वास को इतना कमजोर कर दिया कि अब लोग शुद्धता संबंधी किसी भी दावे को आसानी से स्वीकार नहीं करते। अस्सी और नब्बे के दशक में एक किस्सा (जो काल्पनिक था, लेकिन हकीकत के काफी करीब था) बहुत मशहूर था– एक व्यक्ति किसी दुकान से घी लेकर गया। उससे रोटी चुपड़कर खाते ही उसका पेट खराब हो गया। अगले दिन दुकानदार से शिकायत की। उसने अपनी गलती स्वीकार करते हुए कहा, 'मैंने भूलवश आपको असली घी दे दिया, इसलिए आपका पेट खराब हो गया। अब तक नकली घी खाने से आपके पेट को उसकी आदत हो गई।'

हर साल त्योहारों और शादियों के सीजन में नकली मावा खूब पकड़ा जाता है। फिर भी जालसाज बाज नहीं आते। असली शहद तो अब दुर्लभ हो चुका है। एक व्यक्ति ने अपना अनुभव साझा करते हुए बताया कि वह कार से जयपुर जा रहा था। सर्दियों के दिन थे। रास्ते में कुछ लोग 100 प्रतिशत शुद्धता की गारंटी के साथ शहद बेच रहे थे। उनके पास मधुमक्खियों के कुछ छत्ते भी थे। व्यक्ति ने शहद चखा, जो बिल्कुल असली लगा। उसे विश्वास हो गया तो शहद ले लिया। हफ्तेभर बाद पता चला कि बर्तन में ऊपर असली शहद था, नीचे चीनी और अन्य पदार्थों की परत थी। कुछ साल पहले झुंझुनूं में एक फेरीवाले ने शुद्ध घी के नाम पर कई लोगों को चूना लगा दिया था। उसने बर्तन के निचले हिस्से में उबले हुए आलू और ऊपरी हिस्से में असली घी जमा कर रखा था। इसी तरह काली मिर्च में पपीते के बीज, धनिया पाउडर में पशु–अपशिष्ट, मिर्च पाउडर में पिसी हुई ईंट, हल्दी पाउडर में पीला रंग, हींग में चॉक पाउडर की मिलावट वर्षों से हो रही है। यह सिर्फ मिलावट नहीं, बल्कि बहुत बड़ा धोखा है। लंबे समय तक इनका सेवन करने से गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। खान–पान संबंधी चीजों की शुद्धता की पहचान करने के कई तरीके हैं। वे प्रारंभिक पहचान के लिए ठीक हैं, लेकिन वैज्ञानिक पुष्टि के लिए लैब टेस्ट ही सही तरीका होता है। आम आदमी के पास न इतने संसाधन हैं और न इतना समय है कि वह एक–एक चीज लेकर लैब के चक्कर लगाता फिरे। यह सुनिश्चित करना सरकार की जिम्मेदारी है कि लोगों को हर चीज शुद्ध मिले। इसके लिए अधिकारी समय–समय पर जांच करें और मिलावट का पता लगाएं। जनता की सेहत से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

## ट्वीटर टॉक



पश्चिम बंगाल के दिल में कोई काबा नहीं, बल्कि माँ काली हैंअब इस बात को समझने का समय आ गया है। राजरहाट गोपालपुर विधानसभा क्षेत्र की जागरूक जनता का दिल से शुक्रिया, जिन्होंने सुशासन और विकास की पहचान मानी जाने वाली इगझ को अपना आशीर्वाद दिया।

**–योगी आदित्यनाथ**



जयपुर में द ग्रेट इंडियन ट्रैवल मार्ट 2026 के हिस्से के तौर पर, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय, राजस्थान पर्यटन विभाग और फिक्की के तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी देखी। यह इवेंट राज्य की पर्यटन क्षमता को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर दिखाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है।

**–दिया कुमारी**



भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतिन नवीन की गरिमामयी मौजूदगी में आज भाजपा ऑफिस का वर्चुअल उद्घाटन और शिलान्यास हुआ। यह ऐतिहासिक पहल संगठन को और मज़बूत करेगी और जनसेवा के संकल्प को और मज़बूत करेगी।

**–भजनलाल शर्मा**


## प्रेरक प्रसंग

# शब्दों के अहसास



अमृता प्रीतम जी एक अमेरिकी उपन्यास का अनुवाद कर रही थीं। कुछ शब्दों को लेकर परेशानी हुई तो उन्होंने 'अमेरिकी दूतावास' को चिट्ठी लिखी। दूतावास के हरिवंश सिंह ने उनके लिए शब्दकोश भेजा और लिखा'अमृता जी को इस शब्दकोश के तमाम अच्छे शब्दों के साथ'। इस पर अमृता जी की प्रतिक्रिया थी'आश्चर्य! जब शब्दकोश के बुरे–से–बुरे शब्द मेरे लिए इस्तेमाल किये जा रहे हों, तब सभी अच्छे शब्द चुन कर मुझे देने का किसी को तो खयाल आया।' सच, शब्दों की गहराई को लेखक की आत्मा ही अनुभव कर पाती है। शब्द सिर्फ अक्षर नहीं होते। किसी लेखक के लिए हर शब्द का वजन, भाव और दर्द अलग होता है। बुरे शब्दों का वार झेलने वाला ही अच्छे शब्दों की कीमत समझता है।

## सामयिक



**क्या यह आम आदमी की तपस्या है यां महाराजाओं की राजशाही? सबसे ज्यादा पार्टी को बड़ा झटका दिया संदीप पाठक ने। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक़, बीजेपी में जाने की तो छोड़ ही दीजिए शायद ही किसी ने कल्पना की होगी संदीप पाठक आम आदमी पार्टी छोड़ देंगे। कहा जाता है कि संदीप पाठक आम आदमी पार्टी के दूसरे नेताओं की तुलना में भले ही सार्वजनिक मंचों पर कम दिखते रहे हों लेकिन साल 2016 में पार्टी में शामिल होने के बाद से ही कोर लीडरशिप में उनका असर बढ़ता ही गया। संदीप पाठक को आम आदमी पार्टी की चुनावी रणनीति का चाणक्य कहा जाता रहा है। आम आदमी पार्टी पर क़रीबी नज़र रखने वालों का दावा है कि पार्टी को 2022 का पंजाब विधानसभा चुनाव जिताने का श्रेय भी संदीप पाठक को जाता है।**

# रस्सी जल गई पर बल नहीं गया !

**अशोक भाटिया**
**मोबाइल : 9221232130**

भारतीय राजनीति में अरविंद केजरीवाल पिछले कुछ समय से महत्वपूर्ण चेहरा माने जा रहे थे। दिल्ली से राजनैतिक सफर की शुरुआत करने वाले अरविंद केजरीवाल ने बहुत कम समय में राजनैतिक गलियारों में अपना नाम अंकित करवाया तथा अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का भी दर्जा दिलवाया, परंतु दिल्ली में संपन्न हुए चुनाव में केजरीवाल को पराजय का सामना करना पड़ा था। पिछले काफी समय से अरविंद केजरीवाल को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है तथा दिल्ली में हार से सभी लोग उनके राजनैतिक भविष्य पर प्रश्न चिन्ह लगता रहा हैं। अरविंद केजरीवाल की आम आदमी पार्टी को अब तक का सबसे बड़ा राजनीतिक झटके ऐसे लगे है जब उनके भविष्य के लिए गंभीर चुनौतियां पैदा कर रहे है। सबसे बड्डा झटका तब लगा जब राघव चड्ढा, संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, राजेंद्र गुप्ता, विक्रमजीत साहनी और स्वाति मालीवाल समेत 'आप' के सात राज्यसभा सांसदों ने पार्टी से इस्तीफा देकर भाजपा (बीजेपी) का दामन थाम लिया है। उधर कोर्ट में उन पर शराब घोटाले का केस भी चल रहा है।

पर कहते है न कि रस्सी जल जाती है पर बट नहीं जाता वैसे ही दिल्ली के पूर्व सीएम और आप के प्रमुख अरविंद केजरीवाल का बट नहीं जा रहा है। आज भी वो प्रधानमंत्री बनने का सपना देख रहे है। सोमवार को एक सभा में उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के तौर पर 2026 पूरा नहीं कर पाएंगे। मेरा दिल और राजनीतिक समझ कहती है कि मोदी और अमित शाह जाने वाले है। केजरीवाल ने कहा कि मोदी जी की पॉपुलैरिटी आज पाताल लोक पहुंच चुकी है। उनका साम्राज्य जाने वाला है। केजरीवाल ने यह बात शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत की किताब लॉन्च के दौरान दिल्ली में कही। इस दौरान दिग्विजय सिंह, कपिल सिब्बल और संजय सिंह समेत कई विपक्षी नेता मौजूद थे।

देखने वाली बात यह है कि सोशल मीडिया पर आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल का एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो पंजाब के होशियारपुर का है। इस वीडियो में दिख रहा है कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जो ना तो कोई मंत्री हैं ना कहीं के विधायक, फिर भी उनके काफिले में दर्जनों लक्जरी कार और कमांडो साथ हैं। खुद को आम आदमी बताने वाले केजरीवाल के इसी दोहरापन पर लोग उनसे नाराज हैं।

विपश्यना के लिए पंजाब पहुंचे केजरीवाल के काफिले पर दिल्ली सरकार में कैबिनेट मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा कि उनके काफिले का नजारा देखने वाला था। उनके काफिले में पचास से अधिक गाड़ियां शामिल थीं, जिनमें से दो–दो करोड़ रुपए की लैंड क्रूजर शामिल थीं। इसके अलावा 100 से अधिक पुलिस कमांडो उनके साथ थे। यही नहीं, एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां भी शामिल थीं और वह कहते हैं कि शांति लेने के लिए वहां गए हैं।

मैं पूछता हूं कि यह कैसी शांति है, जिसके लिए पंजाब के लोगों के खजाने से लाखों रुपए उड़ाए जा रहे हैं।केजरीवाल के काफिले पर तंज कसते हुए उनकी पूर्व सहयोगी स्वाति मालीवाल ने कहा कि सारी दुनिया को वीआईपी कल्चर पर टोकने वाले केजरीवाल जी आज ख़ुद डोनाल्ड ट्रंप से बड़ा सुरक्षा घेरा लेकर घूम रहे हैं।

पंजाब से कांग्रेस सांसद सुखजिंदर सिंह रंधावा ने तो कहा कि रस्सी जल गई पर बल नहीं गया!! यह काफिला देश के प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री का नहीं, बल्कि एक हारे हुए विधायक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का है। आये है 10 दिन के लिए ध्यान लगाने, पर काफिला 10 किलोमीटर लम्बा! दिल्ली में हारते ही शांति ढूंढने पंजाब आ गए? अगर ध्यान लगाना था तो वीआईपी काफिला क्यों?

क्या यह आम आदमी की तपस्या है यां महाराजाओं की राजशाही? सबसे ज्यादा पार्टी को बड़ा झटका दिया संदीप पाठक ने। पार्टी के अंदरूनी सूत्रों के मुताबिक़, बीजेपी में जाने की तो छोड़ ही दीजिए शायद ही किसी ने कल्पना की होगी संदीप पाठक आम आदमी पार्टी छोड़ देंगे। कहा जाता है कि संदीप पाठक आम आदमी पार्टी के दूसरे नेताओं की तुलना में भले ही सार्वजनिक मंचों पर कम दिखते रहे हों लेकिन साल 2016 में पार्टी में शामिल होने के बाद से ही कोर लीडरशिप में उनका असर बढ़ता ही गया। संदीप पाठक को आम आदमी पार्टी की चुनावी रणनीति का चाणक्य कहा जाता रहा है। आम आदमी पार्टी पर क़रीबी नज़र रखने वालों का दावा है कि पार्टी को 2022 का पंजाब विधानसभा चुनाव जिताने का श्रेय भी संदीप पाठक को जाता है। संदीप पाठक की चुनावी रणनीति बनाने की काबिलियत की वजह से ही उन्हें 2022 में पार्टी की राजनीतिक मामलों की कमेटी का जनरल सेक्रेट्री बना दिया गया था।

पार्टी के अंदरूनी सूत्रों का कहना है कि राघव चड्ढा और अशोक मित्तल के बीजेपी में जाने का अंदेशा तो पार्टी नेतृत्व को था। अशोक मित्तल जैसे नेताओं पर तो बीजेपी आईटी और ईडी रेड का डर दिखाकर दबाव बना रही थी। लेकिन आम आदमी पार्टी को अंदाज़ा नहीं था कि संदीप भी बीजेपी की राह पकड़ेंगे।

राघव चड्ढा और अशोक मित्तल के बीजेपी में जाने की ख़बर मिलने के बावजूद पार्टी ने उन्हें मनाने की कोशिश नहीं की। लेकिन आम आदमी पार्टी की ओर से संजय सिंह ने गुरुवार को संदीप पाठक से बात कर उन्हें मनाने की कोशिश की थी। आम आदमी पार्टी के कामकाज को लंबे समय से देख रहीं पत्रकार रूपाश्री नंदा का कहना है कि 2022 के पंजाब विधानसभा चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने में संदीप पाठक की भूमिका बेहद अहम थी। इसके लिए उन्हें पार्टी के बाहर और भीतर दोनों जगह तारीफ़ मिली।

हालांकि पंजाब में जीत के बाद ही संदीप पाठक लाइमलाइट में आए। 2022 में एक इंटरव्यू में संदीप पाठक ने कहा था कि 'उनका दिमाग एक वैज्ञानिक की तरह काम करता है न कि एक राजनेता की तरह।'पंजाब में आम आदमी पार्टी की जीत के बाद ही उन्हें आम आदमी पार्टी का नेशनल जनरल सेक्रेट्री बनाया गया। कहा गया कि यह पद विशेष रूप से उन्हीं के लिए सृजित किया गया था।उन्हें पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था, राजनीतिक मामलों की समिति का स्थायी आमंत्रित सदस्य भी बनाया गया। माना जा रहा है कि संदीप पाठक के जाने के बाद केजरीवाल को अगले पंजाब चुनाव कठिनाई आ सकती है।

## नजरिया

# स्वच्छ भारत अभियान : सीवर में छिपी असुरक्षित सच्चाई

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**





**इस संकट के समाधान की मांग अब केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है। अब समय है कि केवल घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस और कठोर कदम उठाए जाएं। हर शहर में 100% मैकेनाइज्ड सफाई अनिवार्य हो, ताकि कोई मजदूर जान जोखिम में डालकर सीवर में न उतरे। ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई-भारी जुर्माना, ब्लैकलिस्टिंग और कानूनी दंड-तुरंत लागू किया जाए।**

शहरों की चमक जब स्वच्छता के दावों से आत्ममुग्ध होकर दमकती है, उसी क्षण उसी चमक के भीतर छिपा अंधकार चुपचाप इंसानी जिंदगियों को निगलता चला जाता है। मार्च 2026 की शुरुआत में स्वच्छता के शिखर पर खड़े इंदौर में, चोइथराम मंडी गेट के पास एक सीवर चैंबर दो जिंदगियों का अंत बन गया–करण यादव और अजय डोडी जहरीली गैसों के कारण दम घुटने से काल के गाल में समा गए। बिना किसी सुरक्षा उपकरण के वे उस घातक गहराई में उतरे; एक के अचेत होते ही दूसरा उसे बचाने भीतर गया, पर दोनों ही वापस नहीं लौट सके। यह घटना महज एक दुर्भाग्यपूर्ण हादसा नहीं, बल्कि उस विफल व्यवस्था की कठोर सच्चाई है, जो अपने सबसे कमजोर कर्मियों को सुरक्षित रखने में बार–बार असफल साबित हो रही है।

पीड़ा की यह आग अभी ठंडी भी नहीं पड़ी थी कि कुछ ही सप्ताह बाद 15 अप्रैल 2026 को हरियाणा के नूह जिले के फिरोजपुर झिरका में वही भयावह दृश्य फिर दोहराया गया। पब्लिक हेल्थ इंजीनियरिंग विभाग के ठेकेदार ने तीन मजदूरों को बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सीवर में उतार दिया, जहां जहरीली गैसों ने दो जीवन–राजेंद्र कुमार और अब्दुल कलाम–को निगल लिया, जबकि तीसरा मजदूर गंभीर अवस्था में अस्पताल पहुंचा। इस तरह की लगातार होती घटनाएं यह साफ संकेत देती हैं कि यह कोई अपवाद नहीं, बल्कि एक खतरनाक और स्थापित होती जा रही व्यवस्था बन चुकी है। देश के अलग–अलग कोनों में फैलती यह मौतें बार–बार यह कठोर सवाल खड़ा करती हैं कि आखिर कब तक गरीब मजदूर अपनी जान की कीमत पर हमारी स्वच्छता की जिम्मेदारी ढोते रहेंगे।

संवैधानिक अधिकारों और मानव गरिमा की रक्षा के दावों के बीच भी इन घटनाओं की अनदेखी संभव नहीं रह सकी। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने इंदौर मामले पर 5 मार्च 2026 और नूह मामले पर 24 अप्रैल 2026 को स्वतः संज्ञान लेते हुए अधिकारियों से विस्तृत रिपोर्ट मांगी। आयोग ने सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइंस का हवाला देकर स्पष्ट किया कि बिना सुरक्षा उपकरणों के सीवर में उतरना मानवाधिकारों का गंभीर उल्लंघन है। रिपोर्ट में सुरक्षा उपकरणों की कमी, ठेकेदारी व्यवस्था की खामियां और मुआवजे की स्थिति पर विशेष ध्यान दिया गया। यह हस्तक्षेप दिखाता है कि यह समस्या केवल तकनीकी नहीं, बल्कि नैतिक और प्रशासनिक विफलता का परिणाम भी है।

सांख्यिकीय सच्चाइयों की परतें जैसे–जैसे खुलती हैं, यह संकट और अधिक भयावह रूप लेता है। सफाई कर्मचारी आंदोलन के अनुसार 2014 से 2025 के बीच 859 सफाई कर्मियों की जान सीवर और सेप्टिक टैंक की सफाई में गई। 2017 से मार्च 2026 तक 622 मौतें दर्ज हुईं, जबकि 2026 के पहले चार महीनों में ही 50 से अधिक मौतें हो चुकी हैं। सरकारी आंकड़े अक्सर कम बताते हैं, जबकि वास्तविकता कहीं अधिक कठोर है। हर साल औसतन 80 से 130 सफाई कर्मी हाइड्रोजन सल्फाइड और मीथेन जैसी जहरीली गैसों से दम घुटने के कारण जान गंवा रहे हैं। ये आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि उन परिवारों की टूटी हुई कहानियां हैं जिन्होंने अपने अपनों को हमेशा के लिए खो दिया है।

कानूनों और न्यायिक आदेशों की मौजूदगी के बावजूद जमीन पर बदलाव न दिखना इस व्यवस्था की सबसे बड़ी विडंबना है। 2013 का मैनुअल स्कैवेंजिंग निषेध और पुनर्वास अधिनियम इस अमानवीय प्रथा पर रोक लगाता है, जबकि सुप्रीम कोर्ट ने मैकेनाइज्ड सफाई अनिवार्य करते हुए मृतक परिवारों को 30 लाख रुपये मुआवजा देने का आदेश दिया है।

फिर भी इंदौर और नूह मामलों में मुआवजे की घोषणा के बावजूद सवाल बना रहता है कि क्या केवल आर्थिक सहायता पर्याप्त है? ठेकेदारों की लापरवाही, सुरक्षा उपकरणों की कमी और कमजोर निगरानी व्यवस्था इन कानूनों को कागजों तक सीमित कर देती है।

घोषित नीतियों और धरातल की सच्चाई के बीच की दूरी लगातार बढ़ती जा रही है। स्वच्छ भारत मिशन–2 और नामास्ते' जैसी योजनाओं में मैकेनाइज्ड सफाई तथा सफाई कर्मियों के कल्याण पर विशेष जोर दिया गया है, जिसके लिए हजारों करोड़ रुपये भी आवंटित किए गए हैं। इसके बावजूद इंदौर जैसे शहरों में आधुनिक मशीनें होते हुए भी उनका नियमित उपयोग नहीं किया जाता, जबकि नूह जैसे क्षेत्रों में ठेकेदार जिम्मेदारी से बच निकलते हैं। सस्ती मजदूरी के लालच में मानव जीवन को जोखिम में डाल दिया जाता है और इस पूरे तंत्र का सबसे भारी बोझ दलित समुदाय पर पड़ता है, जो आज भी सामाजिक भेदभाव और उपेक्षा झेल रहा है।

इस संकट के समाधान की मांग अब केवल आवश्यकता नहीं, बल्कि अनिवार्यता बन चुकी है। अब समय है कि केवल घोषणाओं से आगे बढ़कर ठोस और कठोर कदम उठाए जाएं। हर शहर में 100% मैकेनाइज्ड सफाई अनिवार्य हो, ताकि कोई मजदूर जान जोखिम में डालकर सीवर में न उतरे। ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई–भारी जुर्माना, ब्लैकलिस्टिंग और कानूनी दंड–तुरंत लागू किया जाए। प्रत्येक मृत्यु पर 30 लाख रुपये मुआवजा, परिवार के एक सदस्य को नौकरी और बच्चों की शिक्षा की जिम्मेदारी सुनिश्चित की जाए। साथ ही सफाई कर्मियों के लिए नियमित स्वास्थ्य जांच, बीमा और प्रशिक्षण अनिवार्य हों, ताकि उनकी सुरक्षा और सम्मान वास्तविक रूप से सुनिश्चित हो सके।

यह स्थिति हमारी सामाजिक चेतना और जिम्मेदारी पर सीधा प्रश्न उठाती है कि जब हर महीने सफाई कर्मी जान गंवा रहे हैं, तो स्वच्छता अभियान वास्तव में किसके लिए है। इंदौर जैसे स्वच्छता के प्रतीक शहर और नूह जैसे क्षेत्र भी इस त्रासदी से अछूते नहीं हैं, तो छोटे शहरों और गांवों की स्थिति सहज ही समझी जा सकती है। यदि इन अज्ञात नायकों की सुरक्षा सुनिश्चित नहीं हो सकी, तो हमारी उपलब्धियां खोखली साबित होंगी। अब समय है कि नारों से आगे बढ़कर वास्तविक कदम उठाए जाएं, अन्यथा हर मौत हमें याद दिलाती रहेगी कि स्वच्छता की कीमत किसी और की जिंदगी है।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।– **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# रूस पहुंचे ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने इस्लामाबाद की अपनी यात्रा को 'सफल' बताया

मॉस्को/भाषा। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के समाधान के लिए तेहरान और वाशिंगटन में दूसरे दौर की शांति वार्ता पर जारी अनिश्चितता के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची सोमवार को रूस पहुंचे। इस दौरान उन्होंने इस्लामाबाद की अपनी यात्रा को बहुत फलदायी बताया और कहा कि पाकिस्तान के शीर्ष नेतृत्व के साथ उनका सार्थक विचार-विमर्श हुआ।

अराघची पिछले तीन दिनों में इस्लामाबाद की अपनी दूसरी यात्रा के बाद रूस पहुंचे। इस्लामाबाद में उन्होंने पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल आसिम मुनीर से मुलाकात की।

अराघची ने सेंट पीटर्सबर्ग पहुंचने के बाद अपने टेलीग्राम चैनल पर साझा किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, हमने पाकिस्तान में अपने मित्रों के साथ सार्थक बातचीत की। यह यात्रा सफल रही। हमने अपनी हालिया बैठकों के निष्कर्षों का आकलन किया और इस बात पर चर्चा की कि बातचीत किस दिशा में और किन परिस्थितियों में आगे बढ़ सकती है।

अराघची ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को सुलझाने के लिए अमेरिका और ईरान के बीच वार्ता के दूसरे दौर का जिक्र करते हुए कहा, वार्ता में प्रगति हुई है। ईरान की आधिकारिक समाचार एजेंसी इरना के मुताबिक, अराघची ने कहा, पहले दौर की वार्ता में कुछ प्रगति होने के बावजूद, अमेरिकी पक्ष के रवैये, उसकी असंगत मांगों और गलत दृष्टिकोण के कारण बातचीत अपने उद्देश्यों तक नहीं पहुंच सकी। इसलिए, मौजूदा स्थिति की समीक्षा करने के लिए पाकिस्तान में हमारे मित्रों से परामर्श करना आवश्यक था। अराघची ने कहा कि पाकिस्तान की यात्रा ईरान के खिलाफ अमेरिका और इजराइल के युद्ध से संबंधित घटनाक्रमों की समीक्षा करने का एक अच्छा अवसर थी। उन्होंने भरोसा जताया कि दोनों देशों के बीच यह परामर्श और समन्वय अत्यंत महत्वपूर्ण होगा।

अराघची सोमवार तड़के सेंट पीटर्सबर्ग के पुलकोवो हवाई अड्डे पर पहुंचे, जहां रूसी अधिकारियों और रूस में ईरान के राजदूत काजेम जलाली ने उनका स्वागत किया।

# वीडियो गेम्स का विरोधाभास: हिंसा के महिमामंडन के बीच नैतिक चेतना का उभार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बोरदू (फ्रांस)। 1970 के दशक के शुरुआती हिंसक वीडियो गेम के बाद से इनके प्रभाव को लेकर बहस लगातार विभाजनकारी रही है क्या ये बच्चों को बिगाड़ते हैं या शिक्षित करते हैं? हमारे शोध के अनुसार, असली मुद्दा केवल हिंसा नहीं, बल्कि यह है कि गेम अपने डिजाइन और कथानक के जरिए खिलाड़ियों में, उदासीनता से लेकर नैतिक जागरूकता तक, किस तरह की भावनाएं पैदा करते हैं। पांच फरवरी 2026 को एक साक्षात्कार के दौरान फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने कहा कि समाज में युवाओं के बीच बढ़ती हिंसा का एक कारण यह भी है कि बच्चे और किशोर वीडियो के माध्यम से हिंसा के अधिक संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि 'फोर्टनाइट' सहित अन्य वीडियो गेम वास्तविक जीवन नहीं हैं, क्योंकि वे हिंसा के प्रति दृष्टिकोण को विकृत करते हैं।

एक्सपेडिशन 33' जिसे 2025 के गेम अवॉर्ड्स और पेगासेस अवॉर्ड्स में उसकी कथा और नैतिक दुविधाओं के लिए सराहा गया, यह दिखाता है कि वीडियो गेम गहन चिंतन का माध्यम भी बन सकते हैं। यह गेम इस बात का उदाहरण है कि कैसे खेल मनोरंजन से आगे बढ़कर जटिल भावनाओं को जन्म दे सकता है। राष्ट्रपति मैक्रों की टिप्पणी के बाद गेमर्स ने नाराजगी जताई और इससे यह बहस फिर तेज हो गई कि क्या हिंसक गेम युवाओं के व्यवहार को प्रभावित करते हैं। हालांकि उन्होंने यह भी माना कि सभी गेम को एक जैसा नहीं माना जा सकता और कुछ उपयोगी एवं सकारात्मक भी होते हैं।

अर्थशास्त्री एग्ने सुजिएडेलिटे के शोध के अनुसार, नए हिंसक गेम के आने के बाद बच्चों श्ररा की जाने वाली हिंसा में वृद्धि का ठोस प्रमाण मिलना मुश्किल है। ऐसे में नाबालिगों को गेम की बिक्री पर प्रतिबंध जैसी नीतियां हिंसा कम करने में प्रभावी नहीं हो सकतीं।

वीडियो गेम मूल रूप से नियमों और गेमप्ले का संयोजन होते हैं, जिनका उद्देश्य खिलाड़ी को आकर्षित रखना है। डिजाइनर इस संतुलन को बनाए रखते हैं कि खिलाड़ी को चुनौती भी मिले और आनंद भी।

कई युद्ध-आधारित गेम जैसे 'कॉल ऑफ ड्यूटी', 'काउंटर स्ट्राइक', 'बैटलफील्ड', 'हलो' और 'रैनबो सिक्स' हिंसा को इस तरह प्रस्तुत करते हैं कि युद्ध की वास्तविकता धुंधली हो जाती है। इनमें अक्सर दुश्मनों को अमानवीय दिखाया जाता है, पीड़ितों को अदृश्य बना दिया जाता है और युद्ध के दुष्परिणामों को छिपा लिया जाता है।

# जम्मू कश्मीर के मुख्यमंत्री ने पश्चिम एशिया में स्थायी शांति की वकालत की

जम्मू/भाषा। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने सोमवार को वाशिंगटन के एक कार्यक्रम में हुई गोलीबारी की घटना की निंदा की, जहाँ अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मौजूद थे। उन्होंने कहा कि राजनीति में हिंसा का कोई स्थान नहीं है और ट्रंप के सुरक्षित बच जाने पर राहत व्यक्त की।

अब्दुल्ला ने पश्चिम एशिया में स्थायी शांति स्थापित करने की पुरजोर वकालत की और कहा कि बातचीत जारी रहनी चाहिए, भले ही वह वैकल्पिक माध्यमों से ही क्यों न हो। अब्दुल्ला ने यहां एक कार्यक्रम के दौरान पूछे गए एक सवाल का जवाब देते हुए कहा, भगवान का शुक्र है कि वह (ट्रंप) बच गए और मैं नहीं चाहता था कि उन्हें कुछ हो।

अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में रविवार को संवाददाताओं के लिए आयोजित रात्रिभोज के दौरान उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब बंदूक और चाकुओं से लैस एक व्यक्ति सुरक्षा घेरा तोड़कर उस क्षेत्र में घुस आया, जहां राष्ट्रपति ट्रंप और कई वरिष्ठ अमेरिकी नेता मौजूद थे।

सीक्रेट सर्विस के एजेंट ने उसे घेरकर तुरंत हिरासत में ले लिया। गनीमत यह रही कि राष्ट्रपति ट्रंप सुरक्षित रहे और उन्हें तुरंत वहां से बाहर ले जाया गया।

राजनीति को बहुत ही गंदी चीज बताते हुए उन्होंने कहा कि मतभेदों को मौखिक और लोकतांत्रिक ढंग से व्यक्त किया जाना चाहिए, न कि हिंसा के जरिए। उन्होंने पत्रकारों से कहा, किसी को नुकसान पहुंचाना कहीं भी कभी भी जायज नहीं ठहराया जा सकता। इस तरह के जानलेवा हमले कतई स्वीकार्य नहीं हैं और मुझे उम्मीद है कि इस तरह की घटनाएं किसी भी राजनेता के साथ कभी न हों। मध्यस्थता के अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रमों पर अब्दुल्ला ने पाकिस्तान में ईरान से संबंधित अमेरिका की दूत-स्तरीय वार्ताओं के रद्द होने पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि बातचीत जारी रहनी चाहिए, भले ही वह किसी वैकल्पिक माध्यम से ही क्यों न हो।

# रिया चक्रवर्ती को बड़ी राहत, कोर्ट ने बैंक अकाउंट अनफ्रीज करने का दिया आदेश

**मुंबई/एजेन्सी**



सुशांत सिंह राजपूत से जुड़े ड्रग्स केस में अभिनेत्री रिया चक्रवर्ती को बड़ी राहत मिली है। नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) स्पेशल कोर्ट ने एक अहम फैसले में रिया चक्रवर्ती, उनके भाई शोविक चक्रवर्ती और उनकी मां संध्या चक्रवर्ती के बैंक खातों को अनफ्रीज करने का आदेश दिया है। इस फैसले के बाद अब परिवार को आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक में मौजूद अपने अकाउंटस का एक्सेस मिल जाएगा। यह आदेश 25 अप्रैल 2026 को सुनाया गया, जिसमें कोर्ट ने कहा कि जांच एजेंसी नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने कानूनी प्रक्रिया का सही तरीके से पालन नहीं किया। अदालत ने पाया कि एनडीपीएस एक्ट की धारा 68एफ के तहत जो प्रक्रिया तय की गई है, उसका पालन नहीं हुआ।

इस कानून के मुताबिक, किसी भी संपत्ति या बैंक खाते को फ्रीज करने के बाद 30 दिनों के भीतर सक्षम प्राधिकारी से उसकी मंजूरी लेना जरूरी होता है, लेकिन इस मामले में यह प्रक्रिया पूरी नहीं की गई। कोर्ट ने अपने आदेश में कहा कि जब तय समयसीमा के अंदर जरूरी मंजूरी नहीं ली जाती, तो ऐसे फ्रीजिंग आदेश कानूनी रूप से मान्य नहीं रह जाते।अगर पूरे मामले की बात की जाए तो यह केस साल 2020 में सुशांत सिंह राजपूत की मौत के बाद शुरू हुआ था। उस समय जांच के दौरान ड्रग्स एंगल सामने आया, जिसमें रिया चक्रवर्ती और उनके भाई शोविक का नाम जुड़ा। इसके बाद नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने जांच के तहत उनके बैंक अकाउंट्स को फ्रीज कर दिया था।एजेंसी का कहना था कि जांच के दौरान वित्तीय लेनदेन पर रोक जरूरी है, ताकि किसी तरह की छेड़छाड़ या सबूतों को प्रभावित होने से रोका जा सके।हालांकि, इस कार्रवाई के खिलाफ रिया चक्रवर्ती की ओर से लगातार कानूनी चुनौती दी गई। उनका कहना था कि बैंक अकाउंटस को फ्रीज करने में जरूरी कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किया गया और यह कदम बिना उचित मंजूरी के उठाया गया। मामला अदालत में पहुंचा, जहां अब कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रक्रिया में खामी होने के कारण यह कार्रवाई बेअसर है।

## गर्मी



गाजियाबाद में सोमवार को गाजियाबाद में एनएच-24 पर काजीपुरा में चिलचिलाती गर्मी से बचने के लिए स्कार्फ से अपना चेहरा ढककर चलती महिलाएं।

# हम मिलेनियल्स हैं, जेन जी की तरह बात मत करो : रकुल प्रीत

**मुंबई/एजेन्सी**



सोशल मीडिया के दौर में कई बार किसी इंटरव्यू की एक छोटी-सी बात भी इतनी तेजी से फैल जाती है कि उसका असली मतलब कहीं पीछे छूट जाता है। कुछ ऐसा ही हुआ निर्माता और अभिनेता जैकी भगनानी और अभिनेत्री रकुल प्रीत सिंह के साथ। हाल ही में जैकी ने अपनी शादीशुदा जिंदगी को लेकर ऐसा बयान दे दिया, जिसने इंटरनेट पर हलचल मचा दी। उन्होंने अपने रिश्ते को 'सिचुएशनशिप' कह दिया, जिसके बाद लोग उन्हें ट्रोल कर रहे हैं। मामला बढ़ता देख अब रकुल और जैकी दोनों ने इस पूरे विवाद पर मजाकिया अंदाज में प्रतिक्रिया दी है। दरअसल, हाल ही में एक बातचीत के दौरान जैकी भगनानी ने कहा था, 'रकुल और मैं शादीशुदा जरूर हैं, लेकिन हमारा रिश्ता एक तरह का सिचुएशनशिप है। भगवान ने हमें एक-दूसरे के लिए बनाया है, इसलिए शादी हुई है। मैं रकुल से हर बात खुलकर कह सकता हूं। अगर रकुल के सामने मेरी कोई एक्स गर्लफ्रेंड फोन करती है, तो मैं फोन स्पीकर पर डाल देता हूं। अपने शादीशुदा रिश्ते को 'सिचुएशनशिप' का नाम देने पर जैकी लोगों के निशाने पर आ गए।अब इस पूरे मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर मजेदार वीडियो शेयर किया। वीडियो में रकुल, जैकी को डांटती दिखाई दे रही हैं। वह कहती हैं, ''मैंने तुमसे कितनी बार कहा है कि हम मिलेनियल्स हैं, जेन जी की तरह अजीब शब्दों का इस्तेमाल मत करो।'' इस दौरान रकुल के चेहरे के हावभाव और बोलने का तरीका इतना मजेदार था कि यह वीडियो देखते ही देखते लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।वीडियो में जैकी भगनानी भी अपनी सफाई देते नजर आए।



एक्टर संजय दत्त 'सरके चुनर तेरी सरके' गाने को लेकर हुए विवाद पर जारी समन के बाद सोमवार को नई दिल्ली में नेशनल कमीशन फॉर विमेन के सामने पेश हुए।



# 'गोलमाल 5' की शूटिंग शुरू, पुराने अंदाज में लौट रही है अजय देवगन और रोहित शेट्टी की टोली

**मुंबई/एजेन्सी**

निर्देशक रोहित शेट्टी की फिल्म 'गोलमाल' पांचवीं फ्रेंचाइजी के साथ पर्दे पर वापसी कर रही है। फिल्म की शूटिंग इस वक्त ऊटी में चल रही है। सोमवार को अभिनेता अजय देवगन और रोहित शेट्टी ने इंस्टाग्राम के जरिए फिल्म की शूटिंग की जानकारी दी। अभिनेता ने एक मोशन पोस्टर जारी किया। इसमें पुराने कलाकारों की टोली शामिल है, जिनमें अजय देवगन समेत शरमन जोशी, अरशद वारसी, तुषार कपूर, कुणाल खेमू, शरमन और श्रेयस तलपड़े भी नजर आ रहे हैं। अभिनेता ने पोस्ट कर लिखा, इस बार सवारी बड़ी है और एंटरटेनमेंट उससे भी ज्यादा बड़ा होगा। 'गोलमाल 5' ऊटी शेड्यूल।निर्देशक रोहित शेट्टी ने भी अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म का मोशन पोस्ट शेयर कर लिखा, 20 साल से पॉजिटिव वाइब्स से गुज़र रहे हैं गोलमाल 5 । ऊटी शेड्यूल।

दोनों की पोस्ट देख फैंस काफी उत्साहित नजर आ रहे हैं और कमेंट सेक्शन में शूटिंग जल्द खत्म होने की उम्मीद जताई जा रही है।गोलमाल की पहली फ्रेंचाइजी साल 2006 में रिलीज हुई थी। इसमें अजय, तुषार, अरशद और शरमन के साथ रिमी सेन और परेश रावल अहम भूमिका में नजर आए थे। यह फिल्म अपनी स्लैपस्टिक कॉमेडी, शानदार संवाद और सुपरहिट गानों के लिए जानी जाती है, जिसने एक सफल कॉमेडी फ्रेंचाइजी की शुरुआत की। यह फिल्म चार दोस्त (गोपाल, माधव, लक्ष्मण, और लकी) के इर्द-गिर्द घूमती है, जो कॉलेज से निकाले जाने के बाद, वसूली भाई से बचने के लिए एक अंधे दंपत्ति (परेश रावल और सुष्मिता मुखर्जी) के बंगले में उनका पोता बनकर रहने लगते हैं।इस फ़िल्म के बाद 4 सीक्वल आए, जैसे गोलमाल रिटर्न्स, जो 2008 में रिलीज हुई, 2010 की गोलमाल 3 और गोलमाल अगेन, जो 2017 में सिल्वर स्क्रीन पर आई। सभी फिल्मों में अजय, अरशद, तुषार, संजय मिश्रा, व्रजेश हिरजी और मुकेश तिवारी थे, श्रेयस तलपड़े तीन में, कुणाल खेमू और जॉनी लीवर दो में दिखे।


## प्रदर्शन



भारतीय जनता पार्टी की महिला सपोर्टर्स ने सोमवार को असम के नागांव जिले में नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर विपक्ष के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया।

# 'पति पत्नी और वो दो' का नया गाना दिलवाले चोर हुआ रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**



अभिनेता आयुष्मान खुराना कॉमेडी ड्रामा फिल्म पति पत्नी और वो दो के जरिए दर्शकों को अपने चुलबुले अंदाज से गुदगुदाने के लिए तैयार हैं। शनिवार को मेकर्स ने फिल्म का नया गाना दिलवाले चोर रिलीज कर दिया। टी-सीरीज ने गाने का क्लिप को अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया। इसके साथ उन्होंने लिखा, इश्क दी डोरी और दिल दी चोरी दोनों एक साथ। गाना 'दिलवाले चोर' रिलीज कर दिया गया है।यह एक ऐसा गाना है, जो दिल को बहुत सुकून देता है। इस संगीत की लाइनें काफी कैची हैं, जो दर्शकों को दीवाना बना रही है। गाने का संगीत आधुनिक और क्लासिक मेलोडी का एक बेहतरीन मिश्रण है। गाने को आदित्य रिखारी और श्रेया घोषाल ने मिलकर गाया है, जबकि इसके लिरिक्स कुमार ने लिखे हैं और रोचक कोहली ने इसका संगीत तैयार किया है। वहीं, गाने में आयुष्मान और सारा अली खान की केमिस्ट्री सभी का ध्यान अपनी ओर खींच रही है। गाने में दोनों इश्क फरमाते नजर आ रहे हैं। गाने के बोल आधुनिक रोमांस को बखूबी दर्शाते हैं, जिसमें प्यार की शरारत और दिल को छू लेने वाली भावनाएं घुली हुई हैं। पीयूष-साजिया ने इस गाने को कोरियोग्राफ किया है। यह मेलोडी न केवल प्यार और चाहत की कहानी बुनती है, बल्कि इसमें एक चंचल चार्म भी है जो दर्शकों को खुद से जोड़े रखता है।

इससे पहले फिल्म का गाना 'रूप दी रानी' रिलीज किया गया था। इस गाने को भी फैंस ने काफी पसंद किया था।

फिल्म 'पति पत्नी और वो दो' में सारा अली खान और आयुष्मान खुराना के अलावा, रकुल और वामिका गब्बी मुख्य भूमिका में हैं। यह फिल्म प्रयागराज की पृष्ठभूमि पर आधारित है, जो गलतफहमियों और हास्य के साथ रोमांस पेश करती है।

मुदस्सर अजीज द्वारा निर्देशित फिल्म 'पति पत्नि और वो दो' का निर्माण भूषण कुमार, रेणु रवि चोपड़ा ने किया है। यह 2019 की हिट फिल्म 'पति पत्नी और वो' फ्रेंचाइजी की दूसरी फिल्म है। इस फिल्म में जहां कानपुर के इंजीनियर चिंटू त्यागी के विवाहेतर संबंध को मजेदार अंदाज में पर्दे पर दिखाया गया था। फिल्म 'पति पत्नि और वो दो' 15 मई को पूरे देश में सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# लंदन फिल्म महोत्सव में 'उमराव जान' के नए संस्करण का पहली बार प्रदर्शन

लंदन/भाषा। वर्ष 1981 की प्रसिद्ध ऐतिहासिक फिल्म 'उमराव जान' के नए परिष्कृत संस्करण को अगले सप्ताह लंदन में शुरू होने वाले 'टंग्स ऑन फायर यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल' में पहली बार यूरोप के दर्शकों के सामने प्रदर्शित किया जाएगा। लखनऊ की एक तवायफ एवं कवयित्री के जीवन पर आधारित इस कालजयी फिल्म का '4के' तकनीक से नया संस्करण भारतीय राष्ट्रीय फिल्म अभिलेखागार द्वारा तैयार किया गया है। फिल्म में मुख्य भूमिका अभिनेत्री रेखा ने निभाई थी। ब्रिटिश फिल्म इंस्टीट्यूट (बीएफआई) में फिल्म के प्रदर्शन के बाद निर्देशक मुजफ्फर अली इसके विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करेंगे। यह आयोजन इस वर्ष के मुख्य विषय ''हमें जोड़ने वाली कहानियां'' के तहत आयोजित फिल्मों की शृंखला का हिस्सा है।

यूके एशियन फिल्म फेस्टिवल (यूकेएएफएफ) की संस्थापक एवं निदेशक डॉ. पुष्पेंद्र चौधरी ने एक बयान में कहा, ''हमें एक ऐसा कार्यक्रम पेश करने पर गर्व है, जो निर्भीक और उत्कृष्ट कहानी कला का उत्सव मनाता है, महत्वपूर्ण एवं गंभीर विषयों पर संवाद की शुरुआत करता है और स्थापित एवं उभरते फिल्म निर्माताओं के असाधारण कार्यों को प्रदर्शित करता है।'' महोत्सव का समापन 10 मई को वार्षिक 'यूकेएएफएफ' पुरस्कार वितरण समारोह के साथ होगा, जिसमें फिल्म निर्माता मुजफ्फर अली को 'गोल्डन फ्लेम लाइफटाइम अचीवमेंट' (जीवनपर्यंत उपलब्धि) पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

# फिल्म 'किंग' का नया वीडियो जारी

**मुंबई/एजेन्सी**



बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'किंग' को लेकर दर्शकों का इंतजार और बढ़ गया है। साल 2023 में 'पठान', 'जवाब और 'डंकी' जैसी लगातार सफल फिल्मों के बाद अब शाहरुख एक बार फिर बड़े पर्दे पर नए अंदाज में लौटने के लिए तैयार हैं। हाल ही में फिल्म के निर्माताओं ने एक नया वीडियो जारी कर इसकी रिलीज तारीख की आधिकारिक घोषणा कर दी है। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट ने सोशल मीडिया पर शेयर किए गए वीडियो में शाहरुख खान की दमदार झलक दिखाई गई है। वीडियो में वह फिल्म की टैगलाइन 'डर नहीं, दहशत हूं' बोलते नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में बताया गया कि फिल्म 24 दिसंबर 2026 को क्रिसमस के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस वीडियो के सामने आते ही फैंस के बीच फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ गया है।

फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया है, जो इससे पहले शाहरुख के साथ पठान में काम कर चुके हैं। खास बात यह है कि इस फिल्म में पहली बार शाहरुख की बेटी सुहाना खान भी उनके साथ बड़े पर्दे पर नजर आएंगी। फिल्म में दीपिका पादुकोण, रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन, अनिल कपूर, जैकी श्रॉफ और अरशद वारसी जैसे कई बड़े सितारे भी अहम भूमिकाओं में दिखाई देंगे। फिल्म को एक भव्य एक्शन-ड्रामा के रूप में पेश किया जा रहा है।




# नेत्र शिविर में 68 लोगों ने करवाई जांच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** महावीर इंटरनेशनल चेन्नई गोल्ड सेन्टर द्वारा रोटरी क्लब ऑफ चेन्नई नोबल हार्ट के सौजन्य एवं चेटीनाड हॉस्पिटल के सहयोग से 26 अप्रैल को सुबह पल्लीकरणै स्थित मदर मैट्रिक हायर सेकेंडरी स्कूल में चतुर्थ निःशुल्क आई कैम्प का सफल आयोजन किया गया। शिविर में कुल 68 लोगों की नेत्र जांच,62 जनों की निःशुल्क बीपी व शुगर जांच की गई। 27 लोगों को चश्मे वितरित किए गए। जांच के दौरान 6 मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन हेतु चिन्हित कर आगे उपचार के लिए चेटिनाड हॉस्पिटल भेजा गया।

जरूरतमंद मरीजों को गले, कमर के पट्टे, घुटनों के मोजे, मोनीसन बाम, एडी सॉक्स, स्प्रे, जैल, रिष्ठ बेंड किफ़ायती दाम से दिए गए। कार्यक्रम को सफल बनाने में चेयरमैन महेन्द्र-गुणवंती पगारिया, वाईस चेयरमैन प्रवीण-नीता कुम्भट, सचिव नरेन्द्र खांटेड, कोषाध्यक्ष बसन्त बरड़िया, दीपक पगारिया, श्रीकांत, दीपक खींवसरा, गौतम बोहरा, एवं नारायणलाल सीरवी का विशेष सहयोग रहा।

# शासन स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** साहूकारपेट के बेसिन वाटर वर्क्स में स्थित स्वाध्याय भवन में शासन स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में मनाया गया। वरिष्ठ स्वाध्यायी वीरेन्द्र कांकरिया ने आगम वांचन करते हुए वर्णित संघ की विशिष्टता बताते हुए कहा कि तीर्थ रुपी संघ को स्वयं तीर्थंकर दीक्षित होने के समय वन्दन नमस्कार करते है ,उन्होंने पावन प्रसंग पर दैनिक रुप से सामायिक स्वाध्याय करने व श्रावक के व्रतों को अंगीकार करने की प्रेरणा की।

जैन रत्न हितैषी श्रावक संघ तमिलनाडु के पूर्व कार्याध्यक्ष आर नरेन्द्र कांकरिया ने कहा कि 2583 वर्षो पूर्व प्रभु महावीर ने केवल ज्ञान प्राप्त किया व देवताओं ने समोवशरण की रचना की व प्रभु ने आज की ही तिथि वैशाख शुक्ल एकादशी को द्वितीय बार देशना करते हुए सर्वविरति व देशविरति धर्म की प्रेरणा की। प्रभु महावीर ने समोवशरण के समय उपस्थित मनुष्यों में से साधु साध्वी श्रावक श्राविका रुपी चतुर्विध संघ की शासन स्थापना की। प्रमुख साधु गौतमस्वामी सहित 4411 से अधिक आत्माओं की प्रभु महावीर के मुखारविन्द से एक साथ दीक्षा हुई ।

प्रमुख साध्वी चन्दना बने। श्रावक आनन्द व श्राविका सुलसा रेवती प्रभु महावीर से प्रतिबोधित हुए व चतुर्विध संघ की स्थापना हुई।

स्वाध्यायी इंदरचंद कर्णावट ने संघ शासन उत्थान गीतिका के माध्यम से स्तुति की । स्वाध्यायी महावीरचन्द बागमार ने भगवान महावीर के केवलज्ञान प्रसंग पर विशेष स्वाध्याय अनुप्रेक्षा करते हुए कहा कि मर्यादाओं के पालन से सुख व शान्ति संभव हैं। उन्होंने कहा कि भावी आचार्य महेन्द्रमुनि ने प्रवचन में फरमाया हैं कि वर्षों पूर्व आचार्य रत्नसुरि ने ओसवाल के लिए तीन मर्यादाएं कायम की थी कि ओसवाल नवकार महामन्त्र पर पूर्ण श्रद्धा रखता हैं, मद्य-मांस का पूर्ण त्यागी होता हैं ओर रात्रि भोजन का त्यागी होता हैं।

श्राविका मण्डल तमिलनाडु की अध्यक्षा शशि कांकरिया, श्रावक संघ के उपाध्यक्ष गौतमचन्द मुणोत, रुपराज सेठिया, हितेन कोठारी, जे कमल चोरडिया, दीपक योगेश श्रीश्रीमाल, लीलमचन्द बागमार आदि श्रदालुओं की सामायिक परिवेश में प्रमोदजन्य उपस्थिति रही। पदमचन्द श्रीश्रीमाल ने मंगल पाठ किया। संकल्प, तीन मनोरथ चिन्तन, गुरु सुखसाता पृच्छा पाठ के पश्चात प्रभु महावीर,तीर्थंकरों आचार्यों, उपाध्याय व चरित्र आत्माओं की जयजयकार के संग शासन स्थापना दिवस संकल्प दिवस के रूप में सम्पन्न हुआ।



# मुमुक्षु संजय पुंगलिया का त्रिदिवसीय दीक्षा महोत्सव प्रारम्भ

## पहले दिन पाट मुहूर्त, केसर छांटना, मंगल गीत, मेहंदी रस्म सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। मुमुक्षु संजय पुंगलिया के त्रिदिवसीय दीक्षा महोत्सव के शुभारंभ दिवस पर पाट बिठाई एवं केसर छंटाई की रस्म के अवसर पर तेरापंथ भवन गांधीनगर में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए डॉ. पदमचंद्रमुनिजी ने कहा कि कुशालपुरा के संस्कारी गुरु भक्त पुंगलिया परिवार में संस्कारों को अपनाकर गुरु कृपा प्राप्त कर संयम के महान मार्ग पर आगे बढ़ने का संकल्प लिया है मुमुक्षु संजय पुंगलिया ने। इन्होंने संयम साधना के अंतर्गत होने वाली आहारचर्या, विहारचर्या एवं अन्य नियमों का सुंदर रूप से अनुभव प्राप्त कर लिया है। अब किसी भी प्रकार का कोई भी सांसारिक कष्ट परिषह इन्हें संयम की भावना से नहीं डिगा सकता है। इनका संकल्प आत्मा से परमात्मा बनने की साधना के लिए दृढ़ बन चुका है और यह स्वयं अब महान मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। संतश्री पदमचन्द्रजी ने इसी दिन हरकचंदस्वामीजी एवं रावतमलस्वामीजी स्मृति दिवस पर उनके गुण स्मरण करते हुए संयम साधना का महत्व बताते हुए कहा कि व्यक्ति को स्वयं ही अपने कर्म बंधन काटने पड़ेंगे। कोई भी अन्य व्यक्ति उसके कर्म बंधन नहीं काट सकता है। कर्मबंधन क्षय होने पर ही अक्षय अनंत सुख प्रकट होता है। जयधुरंधरमुनिजी ने कहा कि जिस प्रकार से घृत सिंचित अग्नि की ज्योति उर्ध्वगामी होती है, उसी प्रकार तप तेजस्व से ऊर्जावान होकर संयमी साधक की आत्मा उर्ध्वगामी, मोक्षगामी बनती है। जिसने मोह पर नियंत्रण कर लिया वह किसी सांसारिक बंधन में नहीं बन सकता है। आचार्य पार्श्वचंद्र द्वारा पंच परमेष्ठी नमस्कार महामंत्र श्रवण के साथ धर्म सभा प्रारंभ हुई। जयकलशमुनिजी ने सुमधुर गीतिका के माध्यम से कहा कि संयम बिना सुख मिलने वाला नहीं है और संयम बिना कोई मोक्ष पाने वाला नहीं है। गुरु की शरण में आने वाला कंकर से शंकर बन जाता है और फिर उसे कोई सताने वाला नहीं है। जयपुरंदरमुनिजी ने कहा कि जिसमें मोक्ष प्राप्त करने की अभिलाषा है वह मुमुक्षु कहलाता है।

संयम के मार्ग पर अग्रसर होने वाला मुख्य चिंतन करता है कि मेरी आत्मा इस संसार की समस्त बाधाओं पर विजय प्राप्त करने में सक्षम है और मैं पुरुषार्थ करके संयम साधना के द्वारा समस्त बाधाओं पर विजय प्राप्त करूंगा। ऐसा विश्वास होने पर मोक्ष मार्ग के साधक को संयम का मार्ग कठिन नहीं लगता है। मुनि दीक्षा साधक को भगवद पद प्राप्त करने की साधना है, इसलिए दीक्षा को जैन भागवती दीक्षा कहते हैं। सभा के प्रारंभ में जयसुबोधमुनिजी ने गुरु गुणगान गीत की प्रस्तुति दी।सोमवार को सुबह मुमुक्षु संजय पुंगलिया का दीक्षा महोत्सव का पाट मूहूर्त कार्यक्रम संपन्न हुआ।

धर्म सभा में दीक्षार्थी के भावी संयमी जीवन के वस्त्रों पर केसर छंटाई की रस्म अखिल भारतीय श्वेतांबर स्थानकवासी जयमल जैन श्रावक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुणकुमार गोटावत, बेंगलूरु शाखा के अध्यक्ष मीठालाल लोढ़ा, उपाध्यक्ष किरणचंद बोहरा, मंत्री मनोहरलाल डूंगरवाल, कोषाध्यक्ष गौतमचंद मकाणा, सहमंत्री महेंद्रकुमार मेहता, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष बीए कैलाशचंद बोहरा, पूर्व अध्यक्ष रेवंतमल नाहर, बेंगलूरु शाखा के पूर्व अध्यक्ष मीठालाल मकाणा ने की। संघ के प्रचार प्रसार प्रभारी जेके महावीरचंद चोरड़िया ने बताया कि मुमुक्षु द्वारा गुरु भगवंतों व समणियों पर केसर का छांटा दिया। इस अवसर पर एसएस जैन समणी प्रमुखा डॉ श्रीनिधिजी, समणी निर्देशिका डॉ श्रुतनिधिजी, समणी निर्देशिका डॉ सुयशनिधिजी, डॉ सुगमनिधिजी, डॉ सुधननिधिजी, डॉ सुयोगनिधिजी का भी सान्निध्य प्राप्त हुआ। सोमवार के आयोजन के प्रमुख राजेंद्रकुमार नाहर ने सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर मुमुक्षु के वीर माता-पिता सुभद्रादेवी-प्रकाशचंद पुंगलिया, जेपीपी जैन महिला फेडरेशन की राष्ट्रीय अध्यक्ष आशादेवी कटारिया, युवा फाउंडेशन के अध्यक्ष चेतनकुमार कोठारी, मंत्री अक्षयकुमार श्रीश्रीमाल, जयमल जैन महिला मंडल की अध्यक्ष सुनीता गोटावत, मंत्री सरलाबाई चोरड़िया, जेपीपी जैन महिला फाउंडेशन लक्ष्मीनारायणपुरम, हलसूरु, राजाजीनगर एवं बसवनगुड़ी के पदाधिकारियों एवं सदस्यों, की उपस्थिति थीं। दोपहर को मंगलगीत एवं मेहंदी रस्म कार्यक्रम में महिलाओं का उत्साह देखते ही बन रहा था।

मंगलवार को मुमुक्षु की शोभायात्रा निकाली जाएगी, शाम को भक्ति संध्या का आयोजन होगा जिसमें बंधु बेलड़ी चेन्नई निवासी मोहन-मनोज जैन अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# धर्मसंघ की मर्यादाएं और सिद्धांत ही भविष्य का आधार हैं : आचार्यश्री विमलसागरसूरी

## भव्यता से मनाया गया धर्मसंघ का स्थापना दिवस



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

कोप्पल। स्थानीय मुनिसुव्रतस्वामी जैन श्वेतांबर संघ के तत्वावधान में आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी और गणि पद्मविमलसागरजी के सान्निध्य में सोमवार को धर्मसंघ का स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। श्वेत और लाल गणवेश में सजे श्रावक व श्राविका वर्ग ने श्रमणों के मार्गदर्शन में पंचरंगीय धर्मध्वज लहराया। संघगीत से सभी ने धर्मसंघ की वंदना की। सकल संघ ने श्रद्धा, भक्ति और सात्विकता पूर्वक धर्मपथ पर आगे बढ़ने का संकल्प दोहराया। इस अवसर पर आचार्य विमलसागरसूरीश्वरजी ने कहा कि तीर्थंकर प्रभु दीक्षा लेकर मौनपूर्वक साधना करते हैं। केवलज्ञान की प्राप्ति के बाद वे धर्मसंघ की स्थापना करते हैं। साधु, साध्वी, श्रावक और श्राविका, धर्मसंघ के ये चार अंग होते हैं। इनमें दो स्थान पुरुष वर्ग के लिए और दो स्थान महिला वर्ग के लिए निर्धारित होते हैं, पारिभाषिक शब्दावली में इसे चतुर्विध संघ कहा जाता है। धर्मसंघ की स्थापना के समय गणधरों की दीक्षा होती हैं। वैराग्यमयी वाणी से जागृत होकर अनेक आत्माएं तीर्थंकर प्रभु के करकमलों से साधु-साध्वी के रूप में प्रव्रजित होती हैं। अनेक श्रावक-श्राविकाएं व्रत अंगीकार कर आध्यात्मिक उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ते हैं। तीर्थंकर अपने प्रमुख शिष्यों-गणधरों को त्रिपदी के अमूल्य सूत्र प्रदान करते हैं। उन दिव्य सूत्रों के आधार पर गणधर विराट द्वादशंगी की रचना करते हैं। यह द्वादशंगी ही सैद्धांतिक रूप से आगम शास्त्र कहलाती हैं। इस प्रकार धर्म के सिद्धांतों, मर्यादाओं, व्यवस्थाओं और उत्तराधिकार की गौरवशाली परंपरा का निर्माण होता है। ङ्गजैनाचार्य ने आगे कहा कि धर्म के बाह्य और भीतरी अस्तित्व, उसके विकास और योगक्षेम की दृष्टि से धर्मसंघ की मर्यादाएं तीर्थंकरों द्वारा मानवता को प्रदत्त अद्भुत अवदान है। तीर्थंकर के निर्वाण के बाद कालांतर में यह धर्मसंघ और उसकी विरल मर्यादाएं ही श्रद्धालुओं के कल्याण की कारक होती हैं। उन्होंने कहा कि भगवान महावीरस्वामी जैनधर्म के चौबीसवें तीर्थंकर थे। वैशाख शुक्ल दशमी को उन्हें मंगलकारी केवलज्ञान की प्राप्ति हुई थी, लेकिन धर्मसंघ की स्थापना उसके अगले दिन हुई थी। इस प्रकार वैशाख शुक्ल एकादशी अर्हत धर्म की वर्तमान परंपरा का गौरवशाली ऐतिहासिक दिन है। धर्मसंघ की स्थापना का यह मंगल अवसर हमें आत्म अवलोकन करने और धर्म परंपरा के प्रति अपनी श्रद्धा व संकल्प भावना को मजबूत करने का संदेश देता है। आज हम सब जो कुछ भी हैं, इस महान उपकारी धर्मसंघ की वजह से हैं। इस धर्मसंघ ने हमें एक से बढ़कर एक साधु-साध्वी दिए, आगम शास्त्रों की अलौकिक ज्ञानसंपदा दी, तिरने के लिए महान तीर्थ दिए तथा आचार, विचार, विधि, निषेध, निश्चय, व्यवहार, अपवाद और उत्सर्ग आदि की सैद्धांतिक परंपरा दी। इस विषम-विकट काल में धर्मसंघ ही हमारे वर्तमान और भविष्य का एकमात्र आधार है।ङ्गआचार्य विमलसागर सूरीश्वरजी ने कहा कि ऐसे कल्याणकारी धर्मसंघ पर गौरव होना चाहिए। सभी को उसकी मर्यादाओं का पालन करते हुए उसके सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचना चाहिए। महावीरस्वामी के उपदेश समग्र विश्व की शांति और उन्नति का मार्ग प्रशस्त करते हैं। अपने जीवन को सफल बनाने का यह राजमार्ग है।



# मोहिनी एकादशी पर हुआ बाबा खाटू श्याम का मनमोहक श्रृंगार

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के बन्नरघट्टा रोड स्थित नेशनल पार्क के सामने खाटू श्याम मन्दिर पर मोहिनी एकादशी के पावन अवसर पर सोमवार को बाबा श्याम का मनमोहक फूलों से श्रृंगार किया गया। मंदिर में सायं 4.15 बजे से मंदिर प्रांगण में स्थानीय भजन गायकों द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई। बिपिन किरण अग्रवाल परिवार के सौजन्य से आयोजित इस भजन संध्या में श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया। इस एकादशी के मौके पर उपस्थित भक्तों ने कतारबद्ध होकर श्याम बाबा प्रतिमा के दर्शन किए। मन्दिर कमेटी ने भी उपस्थित होकर प्रभु दर्शन का लाभ लिया।



# कविता नाहटा बनीं राजलदेसर परिषद की पहली महिला अध्यक्ष

बेंगलूरु/दक्षिण भारत । स्थानीय राजलदेसर परिषद के 13वीं साधारण सभा का आयोजन अध्यक्ष बिमल बैद की अध्यक्षता में हुआ। अध्यक्ष ने सभी का स्वागत करते हुए उनके कार्यकाल को सफल बनाने के लिए सहयोग देने के लिए सम्पूर्ण कार्यसमिति को धन्यवाद दिया। सहमंत्री राजीव हीरावत ने गत सभा का वाचन किया।

मंत्री कुलदीप बैद ने कार्यकाल के दौरान हुए कार्यों की जानकारी दी। कोषाध्यक्ष सुमित बैद ने आय व्यय का ब्यौरा दिया। बैठक में सर्व सम्मति से हर सदस्य से वार्षिक न्यूनतम राशि लेने के प्रस्ताव पर चर्चा हुई तथा निर्णय लिया गया। चुनाव अधिकारी गणेशमल नाहर ने सर्वसमति से वर्ष 2026-28 के अध्यक्ष के रूप में कविता नाहटा के नाम की घोषणा की। सदन ने उल्लास के साथ पहली महिला मनोनीत अध्यक्ष को बधाई दी गई। नए अध्यक्ष ने अपने विचार प्रकट किए। कुलदीप बैद ने सभी को धन्यवाद दिया।




# वरिष्ठ सदस्य रामगोपाल मूंदड़ा का लॉयंस क्लब ने किया सम्मान

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। लायंस क्लब इंटरनेशनल की ओर से डिस्ट्रिक्ट सम्मेलन में लायंस क्लब सिटी आनंद के वरिष्ठ सदस्य रामगोपाल मूंदड़ा का जिला अध्यक्ष आकाश सुवर्णा आदि पदाधिकारियों ने सम्मान किया। 88 वर्षीय रामगोपाल मूंदड़ा गत 56 वर्षों से क्लब के कार्यां में अपनी सेवाएं देते आ रहे हैं।

इस अवसर पर रामगोपाल मूंदड़ा द्वारा सेवा के कार्य को आगे बढ़ाते हुए 'नम्मा पात्रा प्रोजेक्ट' का उद्घाटन किया गया, जिसके तहत 200 जरूरतमंद परिवारों को दैनिक रसोई में काम आने वाले स्टील के बर्तन दिए जाएंगे। अध्यक्ष सुरेश धोका ने नम्मा पात्रा के लाभार्थियों को धन्यवाद दिया। क्लब के सचिव अभिषेक बांठिया, विकास अग्रवाल, आशा सिंघवी, रक्षा पोरवाल, आनंद सकलेचा, आदि अनेक सदस्य उपस्थित थे।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**सम्मान**

बेंगलूरु के ब्यावर संघ के सदस्यों द्वारा ग्लोबल राजस्थान एग्रीकल्चर मीट हेतु बेंगलूरु प्रवास पर आए राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा से मुलाकात कर सम्मान किया। सम्मान समारोह में संघ के अध्यक्ष ललित डाकलिया के साथ कोषाध्यक्ष दिनेश लोढ़ा, राकेश बाफना, मोक्ष बाफना ने मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से राजस्थान में चल रहे विकास कार्यों की चर्चा की और सभी प्रवासी राजस्थानियों को एक उद्यम राजस्थान में लगाने की बात की।

# गाय हमारी संस्कृति का प्राण है : राष्ट्रसंत कमलमुनि



बेंगलूरु/दक्षिण भारत । शहर के दोड्डनिकुन्दी गौशाला में विराजित राष्ट्रसंतश्री कमलमुनिजी कमलेश ने अपने दैनिक प्रवचन में कहा कि गाय माता हमारी संस्कृति का प्राण है, आर्थिकता का आधार है, गौ उत्पाद स्वास्थ्य के लिए रामबाण औषधि से बढ़कर है। सब माता से बढ़कर गौ माता है। यह विश्व के सभी प्राणियों की माता है। उन्होंने कहा कि गाय माता पर्यावरण रक्षा के लिए अनमोल रतन है। गाय को किसी जाति संप्रदाय के नजरिए से देखना सरासर अन्याय और अपराध है। उन्होंने कहा कि जब गाय माता दूध देती है तो यह नहीं देखती कि दूध पीने वाला हिंदू है या मुस्लिम। गाय समान भाव से सबको दूध प्रदान करती है। मुनि कमलेशजी ने कहा कि जब नेपाल जैसा देश गाय को राजमाता घोषित कर सकता है तब भारत सरकार को को इस ओर प्रयास करते हुए गाय को राजमाता घोषित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण, स्वास्थ्य, आर्थिक स्थिति और धर्म की रक्षा करनी है तो गाय माता की रक्षा करनी ही होगी।



# हर्षोल्लास से सम्पन्न हुई संजीवनी ज्वालालब्धि मंदिर की वर्षगांठ, हुआ ध्वजारोहण

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शहर के आरटी नगर के मंजुनाथा लेआउट स्थित संजीवनी ज्वाला लब्धि मंदिर की सोलहवीं वर्षगांठ एवं ध्वजारोहण महोत्सव रविवार को विधि-विधान सहित अठारह अभिषेक एवं मंत्राचारों के साथ पुण्याहं-पुण्याहं प्रियताम-प्रियताम उद्घोषों के बीच गुरुदेवश्री सत्यज्वालाजी की निश्रा में हर्षोल्लास से संपन्न हुआ। इस वर्ष के ध्वजारोहण के लाभार्थी उज्ज्वल मानकंवर मकाणा ओसवाल परिवार की ओर से शिखर पर कलशाभिषेक विधान वन्दनाबाई-अशोककुमार छाज़ेड़ परिवार ने व संतोषबाई-आनंदराज गुन्देचा परिवार ने ध्वजारोहण किया। महोत्सव में संजीवनी ज्वाला लब्धि मंडल आरटी नगर, चन्द्रप्रभु स्थूलभद्र पूजा महिला मंडल ओकलीपुरम, चन्द्रलब्धि स्नात्र पूजा मंडल ओकलीपुरम की सदस्याओं का विशेष सहयोग रहा।

महाआरती का लाभ संतोषबाई सगीताबाई गुन्देचा ने एवं ज्योत का लाभ संजीवनी ज्वाला लब्धि मंडल चेन्नई की अध्यक्षा प्रिया अबानी ने लिया। विधि-विधान विधिकारक तुषार गुरु ने करवाए। इस अवसर पर पृथ्वीराज वेदमुथा, महेन्द्र धारीवाल, सुन्दरलाल दुग्गड़, अजय पामेचा, पवन कोठारी, रीतेश पामेचा सहित अनेक भक्तगण उपस्थित थे।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.